SA NEWS

# स्पष्ट आवाज़

लखनऊ
रविवार, 18 फरवरी, 2024 वर्ष : 20, अंक: 233 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्यः ₹ 3




यशस्वी शतक से भारत की पकड़ ...पेज-12




आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)



सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219, 9455555965, 9415133977

# 370 लोकसभा सीटें जीतना ही श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि : मोदी

**सलाह**

- **इससे पहले मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाया**
- **कार्यकर्ता आने वाले 100 दिन सीधे बूथ पर काम करें, 370 वोट ज्यादा**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले सरकार की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचाने और पार्टी की आगे की रणनीति बनाने के लिए आज दिल्ली में भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू हो गया है। भाजपा के इस दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए पीएम मोदी भी दिल्ली के भारत मंडपम पहुंचे।

पार्टी बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी का 370 लोकसभा सीटें जीतना श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगा, जिन्होंने अनुच्छेद 370 को खत्म करने के लिए लड़ाई लड़ी। पीएम मोदी ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार बीजेपी का चुनाव चिह्न कमल पार्टी का उम्मीदवार होगा। पीएम ने इसी के साथ सभी से अपनी जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चयन चलता रहेगा लेकिन कमल के फूल को जिताने के लिए हर कार्यकर्ता काम पर लगें। केंद्र सरकार की और बीजेपी की राज्य सरकारों की योजना के लाभार्थियों से कार्यकर्ता मिलेंगे और यह अभियान 25 फरवरी से देश भर में शुरू होगा। मोदी ने कहा कि कार्यकर्ता आने वाले 100 दिन सीधे बूथ पर काम करें, पिछले बार के मुकाबले हर बूथ पर 370 वोट ज्यादा मिले इसके लिए काम करें। मोदी ने यह भी कहा कि फर्स्ट टाइम वोटर को 2014 से पहले का भारत और 2014 के बाद के भारत में फर्क बताएं और उन्हें बताए कि कैसे भारत का गौरव बढ़ा है।



पीएम ने कहा कि महिला वोटर हमारे लिए सिर्फ वोटर नहीं है।

जिस तरह का काम पिछले 10 साल में हमारी सरकार ने किया है, वह देखते हुए माता बहनों का आशीर्वाद हमें इस चुनाव में प्राप्त करना है, इसके लिए ज्यादा सक्रिय रहें।

दरअसल भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1951 में कहा था कि एक देश में दो निशान, दो प्रधान और दो विधान नहीं चलेंगे। यह नारा जम्मू-कश्मीर में दिया गया था। बीजेपी अब 370 सीटों के टारगेट के जरिए यह संदेश भी दे रही है कि मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाया।

तावड़े ने कहा कि पिछले 10 साल का केंद्र सरकार का कामकाज और खुद पीएम मोदी को संवैधानिक पद पर आए 23 साल हुए, लेकिन उन पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। भ्रष्टाचार मुक्त, आरोप मुक्त, विकास पर आधारित जो सफलता पाई है वह हम सभी मतदाताओं तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि पीएम ने कहा कि विपक्ष इस चुनाव में तूतू मैंमैं की राजनीतिक ज्यादा करेगा, भावनात्मक मुद्दों को ज्यादा उछालेगा लेकिन हमने जो गरीब कल्याण के लिए काम किया है वही हमारा कैंपेन होगा। मतदाता तक हम गरीब कल्याण, विकास, देश के गौरव के आधार पर पहुंचेंगे।

## संक्षिप्त आवाज़

### किसान विरोधी है मोदी सरकार : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार किसान विरोधी है। यह सरकार किसान हितों की लगातार अनदेखी कर रही है। खड़गे ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि कल आंदोलन कर रहे एक किसान की मौत हो गई और तीन किसान रबर बुलेट लगने से आंखों की रोशनी खो बैठे हैं। मोदी सरकार किसानों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी दिलाने के लिए वचनबद्ध है। हम किसानों को उनका हक दिलाएंगे। उल्लेखनीय है कि दिल्ली चलो आंदोलन में हिस्सा लेने गुरदासपुर से आए एक किसान का शंभू बॉर्डर पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तीन किसानों को रबर बुलेट लगने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बम विस्फोट की धमकी के बाद मुंबई व पुणे में सुरक्षा बढ़ी

**मुंबई।** मुंबई और पुणे में सिलसिलेवार बम ब्लास्ट की धमकी के बाद महाराष्ट्र पुलिस सतर्क हो गई है और महत्वपूर्ण ठिकानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने बम विस्फोट की धमकी देने वाले अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। उसकी सरगर्मी से तलाश जारी है। महाराष्ट्र पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम को पुणे के पुलिस कंट्रोल रूम में एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर कहा कि बहुत जल्द मुंबई के बांद्रा, गेटवे ऑफ इंडिया और पुणे के शिवाजीनगर एवं पिंपरी चिंचवड़ इलाके में बम विस्फोट होंगे। इसके बाद जब पुलिस ने फोन करने वाले से पूछा कि आप कौन और कहां से बात कर रहे हैं? इस पर उसने फोन काट दिया। पुलिस ने इस फोन काल को गंभीरता से लिया है।

### मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतर गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पटरी पर किसी व्यक्ति के हताहत होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। यह घटना शनिवार को सुबह उस समय हुई जब ट्रेन जखीरा फ्लाईओवर के नीचे से गुजर रही थी। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि घटना में आठ डिब्बे पटरी से उतर गए हैं और बचाव अभियान जारी है। बचाव कार्य के लिए रेलवे पुलिस और दमकल विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। अधिकारी ने कहा कि मालगाड़ी में लोहे की शीट के रोल लोड किए गए थे।

### पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से नौ लोगों की मौत

**विरुधुनगर (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को विस्फोट में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं और विस्फोट के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बता दें यह पटाखा फैक्ट्री मुथुसामीपुरम में स्थित थी। विस्फोट के बाद सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

# संभावनाओं वाला प्रदेश है यूपी

**शुभारंभ**

- **55वीं प्रादेशिक फल शाकभाजी-पुष्प प्रदर्शनी-2024 का किया शुभारंभ**
- **किसानों को हर परिस्थिति में आगे बढ़ने का अवसर दे रही सरकार**

**लखनऊ।** यूपी संभावनाओं वाला प्रदेश है। भारत की आबादी का 16 फीसदी हिस्सा अकेले यूपी में निवास करता है। उत्तर प्रदेश के पास भारत की कुल कृषि योग्य भूमि का मात्र 11 फीसदी है, लेकिन देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन का 20 फीसदी से अधिक शेयर उत्तर प्रदेश का है। उत्तर प्रदेश के अंदर किसान औद्यानिक फसलों के लिए मात्र 10 फीसदी कृषि योग्य भूमि का ही उपयोग करते हैं, जबकि 10 फीसदी भूमि में कृषि की कुल जीडीपी में 24 फीसदी शेयर औद्यानिक फसलों के माध्यम से किसानों व प्रदेश को प्राप्त होता है। यह दिखाता है कि अन्नदाता किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाना है तो परंपरागत खेती के साथ ही औद्यानिक फसलों को बढ़ाना होगा। इसी प्रोत्साहन के लिए प्रगतिशील किसानों को आज सम्मानित किया गया। इन किसानों ने ड्रैगन फ्रूट, स्ट्राबेरी, पुष्पों की खेती, पॉलीहाउस के माध्यम से नया करने का प्रयास किया है। डबल इंजन की सरकार किसानों को हर परिस्थिति में आगे बढ़ने का अवसर दे रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। शनिवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ उन्होंने राजभवन में 55वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 का शुभारंभ किया। इसके बाद राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। यह प्रदर्शनी तीन दिनों (17 से 19 फरवरी) तक चलेगी। सीएम ने यहां विभागीय अधिकारियों व किसानों से फलों-सब्जियों के बारे में जानकारी ली और इसके आयात-निर्यात के बारे में भी पूछा। राज्यपाल व सीएम ने स्मारिका का विमोचन भी किया। सीएम ने राज्यपाल के प्रति आभार जताया। बोले कि औद्यानिक फसलों में रुचि रखने वाले प्रगतिशील किसानों के लिए प्रतिवर्ष प्रदर्शनी के लिए राज्यपाल यह प्रांगण उपलब्ध कराती हैं। न केवल किसान, बल्कि लखनऊ समेत प्रदेश भर से आने वाले लोग भी इस प्रदर्शनी का हिस्सा बनते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप किसान की आमदनी को कई गुना बढ़ाना है और प्रदेश की जीडीपी में गांव, जनपद और प्रदेश का योगदान हो सके तो हमें इस क्षेत्र में और भी रूचि लेकर बढ़ना होगा। इससे न केवल आमदनी बढ़ाने, बल्कि विटामिन व पोषक तत्वों की दृष्टि से इन औद्यानिक फसलों के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाकर कुपोषण जैसी बीमारियों से लड़ने के लिए भी लोगों को तैयार कर पाएंगे। इस अवसर पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे।



**किसानों का किया गया सम्मान :** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगतिशील कृषकों का सम्मान भी किया। सम्मान पाने वाले किसानों में रायबरेली के विष्णुदत्त पांडेय, पीलीभीत के आयुष अग्रवाल, कन्नौज के विजेंद्र सिंह, मीरजापुर के रामजी दुबे, सहारनपुर की उषा उपाध्याय, बुलंदशहर के अनंत पोद्दार, चंदौली के बलवंत प्रसाद, आजमगढ़ के श्रीप्रकाश सिंह, प्रयागराज के इंद्रजीत पटेल आदि प्रमुख रहे।

## श्रीराम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भरा मिला पत्र

**लखनऊ।** लखनऊ के बीकेटी क्षेत्र के पाल रेस्टोरेंट में श्रीराम मंदिर और बीकेटी थाने को बम से उड़ाने की धमकी भरे दो पत्र मिले हैं। पुलिस के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां इनकी जांच कर रही हैं। पत्र में जिस महिला का नाम व मोबाइल नंबर लिखा है, उसकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बीकेटी इंस्पेक्टर के मुताबिक, दो दिन पहले भी बरगदी पुलिया पर धमकी भरा पत्र मिला था। उस पत्र में भी उसी महिला के नाम व मोबाइल नंबर लिखा था। मामले की जांच की जा रही है। देवी-देवताओं की फोटो को एडिट कर आपत्तिजनक बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला शुक्रवार को सामने आया है। हिंदू संगठन और करणी सेना ने बीकेटी पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। बीकेटी के रामपुर वार्ड निवासी सभासद विकास सिंह के मुताबिक स्वामी मुकेशानंद महराज के मुखार बिंदु से रामकथा नामक व्हाट्सएप ग्रुप में बीकेटी के हाजीपुर गांव निवासी युवक जुड़ा है। आरोप है कि युवक ने बजरंगबली की फोटो एडिट कर उसे आपत्तिजनक बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बीकेटी इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सभासद की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## जीबीसी : बड़े निवेश के साथ विकास की दौड़ में सरपट दौड़ेगा बुंदेलखंड

- **ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में बुंदेलखंड में शुरू होंगी 60 हजार करोड़ की निवेश परियोजनाएं**

UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE
GROUND BREAKING CEREMONY @4.0
19 FEB 2024 • LUCKNOW
ACCELERATION FOR NATION

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) में जहां पूरे प्रदेश में 10 लाख करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ होगा तो वहीं राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र में भी करीब 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं शुरू होंगी। बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में ये निवेश होगा, जिससे यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे तो वहीं विकास की दौड़ में भी बुंदेलखंड राज्य के अन्य जिलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर शामिल हो सकेगा। बुंदेलखंड क्षेत्र और इसका विकास मुख्यमंत्री योगी की प्राथमिकताओं में रहा है। प्रदेश में निवेश के लिए योगी सरकार ने जो नीतियां बनाईं, उनके साथ-साथ बुंदेलखंड में निवेश करने वाले उद्यमियों को अलग से भी प्रोत्साहन दिए जाने की पहल की गई है। इसी का नतीजा है कि बुंदेलखंड में निवेश को लेकर बड़ी संख्या में निवेशकों ने उत्सुकता जाहिर की है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा बुंदेलखंड को औद्योगिक दृष्टि से समृद्ध बनाने की है, ताकि यहां के युवाओं को रोजगार के लिए प्रदेश या देश के अन्य हिस्सों में भटकना न पड़े। जीबीसी 4.0 के माध्यम से बुंदेलखंड में होने वाला निवेश इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रवक्ता ने बताया कि 19 फरवरी को जीबीसी 4.0 के तहत बुंदेलखंड के सातों जिलों में 59,288 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं का शुभारंभ होने जा रहा है। इसमें सर्वाधिक निवेश परियोजनाएं झांसी जनपद में हैं, जहां जीबीसी 4.0 के जरिए 23,739 करोड़ से ज्यादा के उद्यमों की शुरुआत होगी। झांसी के अलावा ललितपुर में भी 15,707 करोड़ से ज्यादा लागत के प्रोजेक्ट्स को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी हरी झंडी दिखाएंगे। झांसी और ललितपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रमुख जिलों में से हैं, जहां योगी सरकार नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) की शुरुआत करने जा रही है। इसके अतिरिक्त जालौन में 9290 करोड़ से ज्यादा, चित्रकूट में 7047 करोड़ रुपये से ज्यादा, महोबा में 1664 करोड़ से ज्यादा, बांदा में 596 करोड़ से ज्यादा और हमीरपुर में 1243 करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी।

## देश में डर और नफरत का माहौल : राहुल

- **यह देश, प्रेम का है नफरत का नहीं और यह तभी मजबूत होगा जब सभी लोग मिलकर काम करेंगे**



**वाराणसी।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि देश में भय और नफरत का माहौल है। देश, अमीर और गरीब दो हिस्सों में बंट गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि यह देश, प्रेम का है नफरत का नहीं और यह तभी मजबूत होगा जब सभी लोग मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर हम जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को एक साथ लाएंगे तो यही सच्ची देशभक्ति होगी। देश में ऐसा माहौल है कि कल क्या होगा, कुछ पता ही नहीं है। देश दो हिस्सों में बंट गया है, एक अमीरों का और दूसरा गरीबों का। देश में भारी बेरोजगारी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक भी छोटा और मध्यम व्यापारी या बिजनेसमैन ऐसा नहीं है जिसे जीएसटी और नोटबंदी से फायदा हुआ हो। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार बिजनेस टायकून का पक्ष ले रही है। उन्होंने कहा कि अमीर लोग उसी दर पर जीएसटी का भुगतान कर रहे हैं जिस दर पर गरीब कर रहे हैं, जो बिल्कुल भी उचित नहीं है और इसीलिए हमने न्याय नाम गढ़ा है और अपनी यात्रा का नाम न्याय यात्रा रखा है।

राहुल ने कहा कि अपनी यात्रा के दौरान उन्हें कहीं भी नफरत नहीं दिखी और यहां तक कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोग भी आए और उनसे अच्छी तरह से बातचीत की। यह देश तभी मजबूत होगा जब हम सब मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि देश में दो सबसे बड़े मुद्दे हैं, एक बेरोजगारी और दूसरा महंगाई। उन्होंने कहा कि यात्रा मणिपुर से शुरू हुई और महाराष्ट्र में समाप्त होगी।

## विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिश की फायदा नहीं हुआ : नीतीश

**पटना।** विपक्षी एकता के अगुवा कहे जाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जब से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ आएं हैं, तब से वह लगातार इंडी गठबंधन पर हमलावर हैं। शनिवार को फिर से उन्होंने इंडी गठबंधन पर प्रतिक्रिया दी। इतना ही नहीं उन्होंने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। दरअसल, मीडिया ने नीतीश कुमार से सवाल पूछा कि इंडी गठबंधन से आपके अलग होने के बाद कई अन्य दल भी इस गठबंधन से बाहर हो रहे हैं। इस सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हम अलग हो गये हैं, बाकी दल क्या कर रहे हैं मुझे नहीं मालूम। हमने विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिश की लेकिन, कोई फायदा नहीं हुआ।

## केजरीवाल ने जीता विश्वास मत

- **कहा- 2024 में भाजपा भले जीत जाए, 2029 में हम इनसे देश को आजाद कराएंगे**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। सदन में इस दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के 62 में से 54 विधायक उपस्थित थे। केजरीवाल ने इस पर कहा कि हमारा कोई विधायक नहीं टूटा है। जो नहीं आएं, उनमें कुछ अस्वस्थ हैं और कुछ बाहर हैं। विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान केजरीवाल ने कहा- भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती आम आदमी पार्टी है, इसीलिए हर तरफ से उस पर हमला किया जा रहा है। 2024 में भाजपा लोकसभा चुनाव जीत जाती है तो आप 2029 में देश को भाजपा से आजाद कराएगी। केजरीवाल ने कहा कि इस विश्वास मत की जरूरत इसलिए थी, क्योंकि भाजपा आप विधायकों को अपने पाले में शामिल करने की कोशिश कर रही है। भाजपा दावा करती है कि वो राम भक्त है, लेकिन उन्होंने हमारे अस्पतालों में गरीब लोगों को मिलने वाली दवाई रोक दी। सर्विस डिपार्टमेंट, ब्यूरोक्रेसी पर अपनी पकड़ के चलते भाजपा हमारा काम रोक रही है और फिर भी हम सरकार चला रहे हैं।

## ज्ञान के बल पर अगले 25 वर्षों में विश्व का नेतृत्व करेगा भारत : ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि देश आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर है और अपने ज्ञान के कारण आने वाले 25 वर्षों में सभी क्षेत्रों में विश्व का नेतृत्व करेगा। बिरला नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एक राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के व्यापक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रवाद के लिए निरंतर काम करने और युवाओं को राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत करने के लिए अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) के प्रयासों की सराहना की।

## इसरो ने सफलतापूर्वक लॉन्च किया इनसैट-3

- **मौसम की मिलेगी सटीक जानकारी**



**श्रीहरिकोटा।** मौसम उपग्रह इनसैट-3 डीएस को श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया। इनसैट-3 डीएस उपग्रह भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किए जाने वाले तीसरी पीढ़ी के मौसम विज्ञान उपग्रह का अनुवर्ती मिशन है, और यह पूरी तरह से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने जियोसिंक्रोनस लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) रॉकेट से इनसैट-3डीएस मौसम उपग्रह के प्रक्षेपण से पहले शनिवार को नेल्लोर जिले में श्री चेंगलम्मा परमेश्वरी मंदिर के दर्शन किए और मिशन की सफलता की कामना की। सोमनाथ सुबह कुछ अन्य अधिकारियों के साथ एक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए सुल्लुरपेटा में स्थित मंदिर पहुंचे और भगवान की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। सोमनाथ ने पत्रकारों से कहा कि मैं इस मिशन की सफलता के लिए चेंगलम्मा भगवती का आशीर्वाद लेने के लिए आज यहां आया हूं। इसरो ने कहा कि जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3 डीएस मिशनः 17 फरवरी, 2024 को 17.35 बजे प्रक्षेपण के लिए 27.5 घंटे की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। गत एक जनवरी को पीएसएलवी-सी58/ एक्सपोसैट मिशन के सफल प्रक्षेपण के बाद 2024 में इसरो का यह दूसरा मिशन है।

## यूपी बनेगा फार्मा हब, चार कंपनियां बड़े स्तर पर निवेश को तैयार

- **सरकार द्वारा बनाई गई फार्मा पॉलिसी के साथ ही दी जा रही सहूलियतों के बारे में जागरूकता का प्रसार किया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को फार्मा हब बनाने की योगी सरकार की नीतियां देश की नामचीन मेडिकल कंपनियों को काफी रास आ रही हैं। इसके चलते प्रदेश में फार्मा सेक्टर की दिग्गज कंपनियां बड़े स्तर पर निवेश के लिए उत्सुक हैं।

इसी क्रम में, तेलंगाना की चार दिग्गज फार्मा कंपनियों ने प्रदेश में करोड़ों रुपये के निवेश की तैयारी की है। साथ ही ये कंपनियां ड्रग व मेडिकल पार्कों के विकास व उत्तर प्रदेश को फार्मा सेक्टर का हब बनाने के रोडमैप पर भी कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि 18 जनवरी को योगी सरकार ने हैदराबाद में फार्मा कॉन्क्लेव का आयोजन किया था। इसमें उत्तर प्रदेश में ड्रग व फार्मा मैनुफैक्क्रिंग कल्चर को बढ़ावा देने और सरकार द्वारा बनाई गई फार्मा पॉलिसी के साथ ही दी जा रही सहूलियतों के बारे में जागरूकता का प्रसार किया गया। यही कारण है पिछली सरकारों में अवहेलना का दंश झेल रहा उत्तर प्रदेश अब दिग्गज फार्मा कंपनियों की व्यापक उपस्थिति के साथ ड्रग व फार्मा सेक्टर में भी देश का ग्रोथ इंजन बनने के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हैदराबाद में 18 जनवरी को आयोजित किए गए फार्मा कॉन्क्लेव के जरिए योगी सरकार ने प्रदेश को ड्रग व फार्मा मैनुफैक्क्रिंग क्लस्टर के तौर पर विकसित करने और बड़ा हब बनाने की अपनी मंशा जाहिर की थी। इस आयोजन से इच्छुक निवेशकों के नेतृत्व के साथ व्यक्तिगत बैठकें करके निवेश का मार्ग प्रशस्त किया था। इसी के फलस्वरूप डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने यीडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के पास या नोएडा/ग्रेटर नोएडा में अन्य रणनीतिक स्थान पर एक अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने में रुचि व्यक्त की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क के भीतर निवेश के अवसर तलाशने में रुचि दिखाई है, जिसके लिए 150 एकड़ से अधिक भूमि की आवश्यकता है। वहीं, ग्रेटर नोएडा में फार्मास्युटिकल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने में रुचि व्यक्त की है। उन्होंने मेडिकल डिवाइस पार्क, नोएडा या ग्रेटर नोएडा में एक बायोटेक प्रयोगशाला और एक विनिर्माण इकाई स्थापित करने में भी रुचि दिखाई है। प्रदेश को ड्रग व फार्मा मैनुफैक्क्रिंग क्लस्टर के तौर पर विकसित करने और बड़ा हब बनाने के लिए वीबीएल तथा रॉलवेल इंडस्ट्रीज ने भी रुचि जताई है। वीबीएल द्वारा लगभग 10-15 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश और लगभग 5-10 एकड़ भूमि की आवश्यकता के साथ, मेडिकल डिवाइस पार्क, नोएडा या आसपास के क्षेत्र में सांप के जहर एंटीसीरम को निकालने के लिए एक अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की गई है। वहीं, रॉकवेल इंडस्ट्रीज ने विशिष्ट सहायक इकाइयों को एकीकृत करने के इरादे के साथ-साथ, वैक्सीन वाहकों पर प्राथमिक जोर देने के साथ, नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के भीतर एक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने में अपनी रुचि व्यक्त की है। उसे संयंत्र स्थापित करने के लिए भूमि की आवश्यकता लगभग 35-40 एकड़ है, और कुल निवेश 400-500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।



# जीबीसी : आकर्षण का केंद्र होगा इंटरनेशनल फिल्म सिटी का स्टॉल

- फिल्म सिटी बनाने वाली बोनी कपूर की कंपनी और भूटानी ग्रुप स्टॉल को कर रही तैयार
- स्टॉल पर राम मंदिर से लेकर केदारनाथ और लंदन से लेकर कनाडा तक के सेट आएंगे नजर

UP GROUND BREAKING

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के अवसर पर प्रदेशवासी पहली बार जेवर में बनने रही उत्तर प्रदेश की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी का फर्स्ट लुक देख सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी को लोगों के समक्ष प्रदर्शित करने के लिए सरकार की ओर से जीबीसी 4.0 आयोजन स्थल पर स्टॉल आवंटित किया गया है। फिल्म सिटी की बिड प्राप्त करने वाली बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी और भूटानी ग्रुप ही इस स्टॉल पर फिल्म सिटी की रेप्लिका को डिज़ाइन कर रहा है। स्टॉल में प्रोटोटाइप और कर्व स्क्रीन के माध्यम से इंटरनेशनल फिल्म सिटी की खूबियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर से लेकर केदारनाथ और लंदन से लेकर कनाडा की प्राइम लोकेशंस तक के सेट को फिल्म सिटी के हिस्से के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान बेव्यू कंपनी के डायरेक्टर और बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर के साथ ही भूटानी ग्रुप के आशीष भूटानी और अली चौटली भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप फिल्म सिटी को वर्ल्ड क्लास बनाने की प्रतिबद्धता भी जाहिर की है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह के माध्यम से प्रदेश में 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने जा रही है। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाना है। बॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर ने कहा कि हमारा फोकस इंटरनेशनल फिल्म सिटी के साथ ही जीबीसी में बनाए जा रहे स्टॉल को भी परफेक्ट बनाने का है, ताकि एक प्रस्तावित फिल्म सिटी की एक शानदार तस्वीर प्रस्तुत की जा सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए अत्याधुनिक कैमरा सिंगापुर से मंगाया जा रहा है। अगर यह समय पर आ जाता है तो यह स्टॉल और अधिक रियलिस्टिक दिखाई देगा। उन्होंने बताया कि हमारे आर्ट डायरेक्टर ने स्टॉल के लिए फिल्म सिटी के डिजाइन की पूरी डिटेल साझा कर दी है। हमारे पास समय कम है, लेकिन उम्मीद है कि यह स्टॉल भी वास्तविक फिल्म सिटी की तरह वर्ल्ड क्लास का नजर आएगा। बोनी कपूर ने ये भी बताया कि 19 को लखनऊ में स्वयं मौजूद रहकर वो फिल्म सिटी के विषय में पूरी जानकारी देंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत बनाय जा रही यह फिल्म सिटी मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप वर्ल्ड क्लास फिल्म सिटी बनेगी और इसके निर्माण के बाद जब वो यहां आएंगे तो उन्हें भी इसकी आभा देखकर प्रसन्नता होगी।

18 फरवरी तक तैयार हो जाएगा स्टॉल बोनी कपूर की फर्म बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि जीबीसी के दौरान फिल्म सिटी के लिए जो स्टॉल लगाया जाएगा, उसमें हम एक ग्लोब और कर्व स्क्रीन के माध्यम से फिल्म सिटी की खूबियों को दिखाने का प्रयास करेंगे। इसमें यह दिखाने का प्रयास होगा कि यमुना एक्सप्रेसवे पर प्रस्तावित फिल्म सिटी का ओवरआल लुक कैसा हो सकता है। फिल्म सिटी में हम थीम पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, स्टूडियोज, गोल्फ क्लब, प्रमुख मंदिर समेत कई तरह के पर्मानेंट सेट लगाने जा रहे हैं, जिसकी रेप्लिका इस स्टॉल पर भी नजर आएगी। अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर, उत्तराखंड के चार धामों में शामिल केदारनाथ धाम समेत देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ स्टेटवाइज प्रमुख लोकेशंस के सेट भी इसका हिस्सा होंगे। यही नहीं, फिल्म सिटी में लंदन, कनाडा, स्विट्जरलैंड जैसी प्राइम लोकेशंस के भी सेट्स होंगे, जबकि फाइव स्टार होटल, फाउंटेन और अन्य बहुत सारी चीजों का समावेश होगा। फिल्म सिटी के स्टॉल को लेकर शुक्रवार से काम शुरू हो गया है।

## मुख्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जीबीसी-4 को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य वीआईपी मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मुख्य हॉल और वहां बने मंच का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। उसके करीब एक वर्ष बाद 19-21 फरवरी के बीच ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पीएम मोदी समेत तमाम वीआईपी शामिल होंगे। साथ ही कार्यक्रम में दुनिया भर के 3000 से अधिक प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने-माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल व इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत व उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं।

## सपा का आरोप भाजपा लोकतंत्र के विरुद्ध साजिश कर रही

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। भाजपा प्रबंधन षड्यंत्र करके लोकतंत्र के विरुद्ध साजिश करने में लगी रहती है। उसकी नीतियां जनविरोधी हैं और लगातार वादा खिलाफी करके उसने जनता को अपने खिलाफ कर लिया है। यह आरोप लगाते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए एजेंडा के सामने भाजपा एनडीए टिक नहीं सकती है। भाजपा को जनता इस बार करारा जवाब देगी। अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी मुख्यालय लखनऊ के डॉ राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधितक कर रहे थे। अखिलेश ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी भाजपा सरकार की कुनीतियों का फल है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सिर्फ झूठे दावों और झूठे आंकड़ों के सहारे विकसित भारत का सपना दिखा रही है। प्रधानमंत्री का दावा है कि विश्व में भारत की पांचवी अर्थव्यवस्था है। यदि देश पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर है तो फिर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? किसान कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या क्यों कर रहा है? भाजपा सरकार ने किसान की आय दुगनी करने का वादा किया था। आज तक उसने अपना 'संकल्प' पूरा नहीं किया? इसकी जगह भाजपा ने किसान के उपयोग में आने वाली खाद-बीज, बिजली सब महंगी कर दी। अखिलेश ने कहा 2022 में जनता ने सपा सरकार बनाने के लिए वोट दिया था। भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग करके जनता के साथ विश्वासघात किया। लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार जनता दोबारा नहीं बनने देगी। जनता इस बार पूरी ताकत से सपा को विजयी बनाएगी।

## स्किल्ड बनिये, उद्यमी बनिये, भविष्य आपका है : प्रो. जेपी पांडेय



लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शनिवार को उद्यमी ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को उद्यमिता और नवाचार के बारे में बताया गया। बतौर मुख्य वक्ता पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव कपूर ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य होने के बावजूद जीडीपी के मामले में अभी हम काफी पीछे हैं। सीमित प्राकृतिक संसाधनों वाले इस राज्य में हाल के कुछ वर्षों में तकनीकी विकास के साथ ही मूलभूत सुविधाएं भी स्थापित हुई है। इसका असर देखने को भी मिल रहा है। पिछले साल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान करीब 10 लाख करोड़ तक का निवेश प्रदेश में हो रहा है। बताया कि आने वाले समय में प्रदेश में तमाम उद्योग स्थापित होने वाले हैं। इसका लाभ निश्चित ही यहां के युवाओं को मिलेगा। रोजगार के तमाम अवसर बनेंगे। लेकिन जरूरी ये है कि युवाओं मौका भुनाने के लिए तैयार रहना होगा। युवाओं को स्किल होना पड़ेगा। कहा कि युवा शिक्षा लेने के बाद अब नौकरी की बजाय उद्यमिता की ओर अग्रसर हों। सरकार युवाओं को काफी प्रोत्साहन दे रही है। ताकि वे अपना स्टार्टअप स्थापित कर सकें। इसके लिए बहुत सी योजनाएं और फंड दिये जा रहे हैं। कहा कि अब उद्योग स्थापित करने में सरकार की ओर से बहुत सी सहूलियत दी गयी है। निवेश सारथी, निवेश मित्र, उद्यमी मित्र आदि का जिक्र किया। कहा कि स्टार्टअप के लिए सबसे जरूरी है पैशन का होना। युवाओं में जज्बा भरते हुए कहा कि उद्यमी बनिये आने वाला समय आपका है।

स्वागत करते हुए माननीय कुलपति प्रो0 जेपी पांडेय ने विश्वविद्यालय की ओर से उद्यमिता और नवाचार के लिए किये जा रहे प्रयास पर प्रकाश डाला। बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित करने की मुहिम चलायी जा रही है। कहा कि एक उद्यमशील व्यक्ति खुद के साथ औरों को भी रोजगार देता है।

एक संस्था के रूप में हमारा प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा छात्रों को इस ओर उन्मुख किया जा सके।

## संक्षिप्त आवाज़

### पड़ोसी दबंगों ने युवक को पीटा, दी धमकी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। सआदतगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक को पड़ोसी दबंगों ने गाली गलौज का विरोध करने पर जमकर लाठी डंडे से पिटाई करने के साथ जान से मारने की धमकी दी है पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना सआदतगंज इलाके स्थित लकड़मम्डी निवासी राजेन्द्र कुमार प्रजापति पुत्र स्व0भरोस राम भरोसे ने बताया कि वह बीते 8 फरवरी की रात करीब 8 बजे घर आया । आरोप है कि उस दौरान पडोस में रहने वाले मुकुल शर्मा उसका भाई अभिषेक व अतुल पुत्रगण हरिओम शर्मा बिना किसी वजह के उसके संग गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी डंडा व लोहे की राड से उसे जमकर मारा पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया। वही पीड़ित का कहना था पडोसियो ने उसे बचा इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उसने स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### बंद मकान से उड़ाये गहने

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में घूम रहे बेखौफ चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़ घुस घर खंगाल अलमारी का लाकर तोड़ कीमती गहने चोरी कर फरार हो गए। कृष्णानगर कोतवाली इलाके स्थित विनयनगर निवासी प्रमोद कुमार गुप्ता पुत स्व सीताराम गुप्ता ने बताया कि बीते 15 फरवरी को उनके घर पर कोई मौजूद नहीं था। उस दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़ घुस घर खंगाल अलमारी का लाकर तोड़ने के साथ कीमती गहने चोरी कर फरार हो गए। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की है। उनके चोरी गए गहने की कीमत लगभग 5 लाख रुपये है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

### 160 युवाओं को मिला रोजगार के अवसर

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में डी.डी.यू.जी.के.वाई. योजनान्तर्गत, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मोहनलालगंज, ब्लाक-मोहनलालगंज लखनऊ, में वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ ओम प्रकाश शुक्ला, ब्लाक प्रमुख मोहनलालगंज, लखनऊ द्वारा किया गया। मेले में 11 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 530 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। रोजगार मेले में 160 अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ। ब्लाक प्रमुख ने मेले में चयनित 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

### जैन साहित्य पर दो दिवसीय संगोष्ठी शुरू

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान लखनऊ, भारतीय हिन्दी परिषद्, प्रयागराज एवं हिन्दी विभाग बीबीएयू के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा में जैन साहित्य का अवदान विषय पर द्वि- दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो0 अभय कुमार जैन ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ0 सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त आचार्य प्रो0 फूल चंद्र प्रेमी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज के सभापति प्रो0 सूर्य प्रसाद दीक्षित, भारतीय हिन्दी परिषद् प्रयागराज के सभापति प्रो0 पवन अग्रवाल उपस्थित रहे।

## आर्ट ऑफ लिविंग स्वयं सेवकों की जन रसोई में सेवा




लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। समाज के गरीब, बेसहारा, असहाय, मजबूर, वंचित एवं श्रमिक वर्ग के लिए भोजन का एक महत्वपूर्ण साधन बन चुकी प्रभु कृपा जन रसोई पिछले छः माह से स्वयं सेवी संगठन एहसास द्वारा विराट खंड गोमती नगर लखनऊ में संचालित की जा रही है। प्रतिदिन दोपहर में संचालित होने वाली इस रसोई में कोई भी व्यक्ति मात्र 10 रूपये में भरपेट भोजन कर सकता है और ऐसा सराहनीय कार्य करने वाली यह जन रसोई समाज में निर्धन एवं गरीब वर्ग में काफी लोकप्रिय भी हो रही है। एहसास नामक स्वयं सेवी संगठन के साथ साथ अन्य संगठनों तथा समाज का कोई भी व्यक्ति यहा अपनी सेवा एवं सहायता दे सकता है। इसी क्रम में आज आर्ट ऑफ लिविंग, लखनऊ चैप्टर के शिक्षकों एवं स्वयं सेवकों ने इस जन रसोई में अन्नदान के साथ ही भोजन वितरण एवं अन्य सेवा कार्य में अपना योगदान दिया।

इनमें प्रमुख रूप से मंजू नारायण, तनुज नारायण, शिव कुमार, तनु नारायण, राजीव पाठक, पीयूष खन्ना, रीतू सक्सेना, निश्चल एवं शिवम उपस्थित रहे। यह जानकारी शिव कुमार श्रीवास्तव स्टेट मीडिया कोआर्डिनेटर आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो कम्यूनिकेशन उत्तर प्रदेश ने दी।

## मोहनलालगंज लोकसभा से आरके चौधरी सपा उम्मीदवार

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। बीएस 4 पार्टी से दलित आंदोलन लेकर चलने वाले आरके चौधरी का नाम एक बार फिर से सुर्खियों में आ गया। शनिवार को समाजवादी पार्टी ने आरके चौधरी को मोहनलालगंज लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया। इसके बाद चौधरी समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ उठी। बहुजन समाज पार्टी की सरकार में मंत्री रहे आरके चौधरी अपने दलित आंदोलन के लिए पहचाने गये। दलित हित में बहुजन समाज पार्टी में अपनी बातों को रखते हुए साथियों से विवाद होने के बाद आरके चौधरी ने खुद को अलग कर लिया था। बाद में आरके चैधरी ने अपनी ही पार्टी बीएस फोर बना ली थी। जिसका कार्यालय बापू भवन चैराहे पर बनाया था। जहां से दलित के हित में आंदोलन लेकर श्री चौधरी चलते रहे।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के पास मोहनलालगंज लोकसभा के लिए कुछ दावेदारों के बीच आरके चौधरी का नाम पसंद आया। आज बैठक में कार्यकर्ताओं के बीच अखिलेश यादव ने आरके चौधरी का नाम बतौर उम्मीदवार घोषित किया।

## पुलिस भर्ती परीक्षा खत्म होते ही लखनऊ जाम

- ट्रेनों के टॉयलेट तक में पैर रखने की जगह नहीं, बसें भी फुल
- 9 शहरों से 58 सॉल्वर गिरफ्तार



लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। यूपी में पहले दिन पुलिस भर्ती परीक्षा की दोनों पालिया समाप्त हो चुकी हैं। 75 जिलों के 2385 सेंटर्स पर परीक्षा हुई। अब रविवार को दो पालियों में परीक्षा होगी। शनिवार को फेस रिकग्निशन और बायो-मैट्रिक फिंगर प्रिंट की मदद से एटा, आगरा, गाजीपुर, झांसी, बिजनौर, प्रयागराज और मथुरा से 58 सॉल्वर पकड़े गए। परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षार्थी अपने घर लौटने लगे हैं। लखनऊ के चारबाग में परीक्षा छूटने के बाद लंबा जाम लग गया। लखनऊ रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर पर टिकट लेने के लिए लंबी कतार लग गई। बसों में छात्र लटके दिखे तो वहीं ट्रेन में इतनी भीड़ हो गई की छात्रों को टॉयलेट में खड़ा होकर सफर करना पड़ा। रेलवे के डीआरएम खुद टिकट चेकिंग करने के लिए निकले हैं। छोटी लाइन और बड़ी लाइन दोनों ही जगह पर मेडिकल कैंप की व्यवस्था की गई है। प्लेटफार्म नंबर-1 पर लगे मेडिकल कैंप में अभी तक करीब 30 लोग आ चुके हैं, जिन्हें थोड़ी बहुत चोट आई है।

उधर, एसटीएफ ने झांसी से 2, गाजीपुर से 8, वाराणसी में 2, मऊ में 5, एटा में 15, बिजनौर में 1, आगरा में 2, फिरोजाबाद से 4, मथुरा से 2 और कानपुर में 6 सॉल्वर पकड़े गए हैं। वहीं, प्रयागराज से पुलिस ने 9 सॉल्वरों को पकड़ा है। प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने खुद भी गोमती नगर के महामना इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हम पारदर्शी, निष्पक्ष और नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कई जिलों में परीक्षा में सेंध लगाने की कोशिश करने वालों और ठगने वालों की गिरफ्तारी हुई है। सभी अधिकारी भ्रमणशील हैं। परीक्षा बहुत सुचारू रूप से चल रही है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की निगरानी जारी है। आज जौनपुर में लेखपाल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की अफवाह फैलाई गई थी। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने अफवाह का खंडन किया और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## राशन की दुकानें बना रहा है मनरेगा : डिप्टी सीएम

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके निर्देश पर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के अंतर्गत राशन मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) का निर्माण कार्य जारी है। प्रदेश में अब तक 2,072 कार्य प्रारंभ कराये जा चुके हैं, जबकि इनमें से 39 राशन मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) बनकर तैयार भी हो चुकी हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित दर दुकानों को लेकर बड़ा यह कार्य बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में राशन की 75 दुकानों को मॉडल शॉप (उचित दर दुकान एवं जन सुविधा केंद्र) के रूप में तब्दील किये जाने का कार्य प्रगति पर है। आजादी के अमृत काल में प्रत्येक जनपद में 75 उचित दर दुकानों को चिन्हित कर उसमें व्यापक परिवर्तन लाते हुए उन्हें राशन मॉडल शॉप (अन्नपूर्णा भवन) विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत सरकारी जमीन पर इन मॉडल शॉप का निर्माण कार्य जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह भवन मनरेगा योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे हैं। इस भवन को पूर्ति विभाग के मानकों के आधार पर तैयार किया जा रहा है।

## किसान किसी भी कीमत पर झुकेंगे नहीं : लोकदल

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने किसानों द्वारा अपने हक की लड़ाई के लिए सरकार से मांगी जा रही मांगों को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए किसानों के दर्द को महसूस करने वाला कोई नहीं है। सरकार किसानों को हक नही देना चाहती है, उनके हक को खत्म करना चाहती है, लेकिन किसान उतनी ही मजबूती से अपनी हक की लड़ाई लड़ेंगें। एसमपी गारंटी कानून, कर्ज माफी समेत कई मांगों को लेकर किसान अपने हक के लिए कूच की जिदद पर अड़े हैं, तो गलत क्या है? किसानों की मन की बात क्यों नहीं सुन रही है? सरकार ने किसान के साथ धोखा किया है। देश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है। किसी को अपने हक के लिए आवाज उठाने के लिए आप रोक नहीं सकते है। किसान किसी भी कीमत पर झुकेंगे नहीं अपने हक के लिए ये लड़ाई जारी रखेंगे। सरकार किसानों का भला नहीं चाहती। सरकार किसानों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है. किसान अपने ही देश में अपने हक की बात नहीं कर सकते।

## पौधेरोपण व्यक्ति के जीवन में प्रगति और स्वास्थ्य लाभ का बड़ा माध्यम : राज्यपाल



लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को राजभवन के उद्यान में नवनिर्मित नक्षत्र वाटिका का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वैदिक काल से ही मनुष्य के जीवन में नक्षत्रों, ग्रहों व राशियों का अपना-अलग महत्व है। इस ब्रह्माण्ड में नक्षत्र व राशि के अनुसार मनुष्य का स्वभाव, गुण, धर्म व जीवन शैली जुड़ी होती है। राज्यपाल ने बताया कि अगर व्यक्ति अपने जन्म के नक्षत्र के अनुसार पौधे का रोपण कर उसकी देखभाल करें तो उसको जीवन में प्रगति और स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि ये नक्षत्र वाटिका हमारे आध्यात्मिक, प्राकृतिक और संस्कृति की जानकारियों को विस्तारित करेगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बताया कि ग्रह-नक्षत्र और राशि गणना के आधार पर नव निर्मित इस खूबसूरत नक्षत्र वाटिका के मध्य में सूर्य की प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसके चारों ओर गोलाकार आकृति में पहली कक्षा में बारह राशियों के प्रतीक कलात्मकता के साथ पत्थर पर उकेरे गए हैं। दूसरी कक्षा में इन बारह राशियों से सम्बन्धित पौधे रोपित किए गए हैं तथा तीसरी कक्षा में 27 नक्षत्रों से सम्बन्धित पौधे रोपित हैं। वाटिका के मध्य में सूर्य प्रतिमा के चारों ओर लगे काले ग्रेनाइट पत्थर को तराश कर उसमें विशेष प्रकाश की व्यवस्था की गई है, जो कि रात्रि में इस वाटिका को अत्यंत आकर्षक और दर्शनीय बनाते हैं। उन्होंने बताया कि वाटिका में नवग्रह, बारह राशि और 27 नक्षत्रों तथा उनसे सम्बन्धित पौधों की जानकारी देने वाले साइन बोर्ड भी लगे हैं। भ्रमण के लिए आने वाले आगंतुक वाटिका भ्रमण करते समय ग्रह-नक्षत्र और उनसे सम्बन्धित वृक्षों की सभी जानकारियां सहज ही साइन बोर्ड से पढ़कर हासिल कर लेंगे।

## बुलडोज़र गांधी के आदर्श और विनोबा की आस्था पर प्रहार : जयराम रमेश

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। स्वतंत्रता सेनानी आचार्य विनोबा भावे ने महात्मा गांधी के विचारों और सिद्धान्तों के प्रचार प्रसार के लिए वाराणसी में सर्व सेवा संघ की स्थापना की थी। मगर दुर्भावना पूर्ण तरीके से भाजपा सरकार ने आधी सदी से अधिक समय से स्थापित गांधी संस्थान पर बुलडोज़र चला दिया। उक्त बातें वाराणसी स्थित करौना में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दैनिक पड़ाव पर एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कही। जयराम रमेश ने कहा कि महात्मा गांधी-विनोबा भावे के विचारों की विरासत कहे जाने वाले वाराणसी के राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ भवन पर भाजपा सरकार के बुलडोजर ने असल में सिर्फ एक इमारत ही नहीं गिराई बल्कि गांधी जी के सत्य और अहिंसा के विचारों पर हमला किया है। सुबह अपनी यात्रा के पैंतीसवें दिन राहुल गांधी ने सर्व सेवा संघ के ट्रस्टीज से मिलकर उन्हें आश्वासन दिया है।

## आरपीआई लखनऊ में चार मार्च को करेगा संविधान सम्मान रैली

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की अगले माह 4 मार्च को राजधानी लखनऊ में होने वाली संविधान सम्मान रैली को लेकर निरालानगर स्थित जेसी गेस्ट हाउस में प्रदेश पदाधिकारियों की शनिवार को बैठक सम्पन्न हुई। आरपीआई के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता के नेतृत्व में हुई प्रदेश पदाधिकारी बैठक में संविधान सम्मान रैली को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई। प्रदेश के विभिन्न ज़िलों से आए प्रदेश पदाधिकारियों ने रैली को सफल बनाने के लिए ज़िला, तहसील, क़स्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को रैली में जुटाने की तैयारियों के बारे में बताया। प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि लखनऊ में 4 मार्च 2024 को होने वाली संविधान सम्मान रैली में बड़ी संख्या में पूरे प्रदेश के अलग-अलग ज़िलों से कार्यकर्ता रैली में शामिल होंगे। इसके लिए प्रदेश पदाधिकारी अपने-अपने इलाक़ों में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं, उन्हें आरपीआई के समतामूलक समाज के विचारों के बारे में अवगत करा रहे हैं। साथ ही जन अधिकार रैली में उन्हें आमंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को चाहने वाला वर्ग उत्तर प्रदेश के कोने-कोने में है। आज बसपा की विश्वसनीयता बहुजन समाज में खत्म हो गयी है, क्योंकि बहनजी को बहुजन समाज ने कई बार मुख्यमंत्री तो बनाया लेकिन उन्होंने समाज का भला नहीं किया। आज ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाला बहुजन समाज आरपीआई से जुड़ रहा है। साथ ही आदिवासी, वंचित, शोषित, विमुक्त समाज सहित हर वर्ग के लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा बनाई गयी राजनीतिक पार्टी आरपीआई के माध्यम से हम लोग उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचा रहे हैं।

## 21 करोड़ से पर्यटक सुविधाओं से विकसित होगा शुकतीर्थ




लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। शुकदेव जी महाराज ने जिस स्थल पर पहली बार राजा परीक्षित को वटवृक्ष के नीचे श्रीमद्भागवत कथा सुनाई थी, प्रदेश सरकार उस पावन स्थल पर पर्यटक सुविधाओं का विकास कर रही है। इस क्रम में टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर (टीएफसी) और पार्किंग बनाने की तैयारी है। इसके लिए लगभग 21.25 करोड़ रुपये से आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। सुविधाओं के विकास के लिए 04 करोड़ रुपये की पहली किश्त भी जारी कर दी गई है। शुकतीर्थ आसपास के इलाके में श्रद्धालुओं के बीच काफी प्रचलित है। यहां कथा सुनने से लेकर वटवृक्ष दर्शन और मोक्षदायिनी मां गंगा स्नान के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि हमारा प्रयास है कि उत्तर प्रदेश न केवल देश बल्कि दुनियाभर में पर्यटकों का पसंदीदा स्थल बने, जब लोग भ्रमण की योजना बनाएं तो उनकी प्राथमिकता में पहला नाम उत्तर प्रदेश का हो। यह संभव भी है क्योंकि हमारे राज्य को ईश्वर और प्रगति की कृपा प्राप्त है। हमारे यहां भगवान शिव की नगरी काशी, मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या और भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा, शुकतीर्थ जैसे अनेक पावन धाम हैं। यहां धार्मिक, ऐतिहासिक पर्यटन के साथ-साथ ईको व एडवेंचर टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार इन संभावनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास कर रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सरकार पर्यटन स्थलों और पर्यटन सुविधाओं का प्राथमिकता के आधार पर विकास कर रही है। 16 फरवरी को ईको पर्यटन की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया गया है। विकास के इसी क्रम में प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में गंगा तट पर स्थित शुकतीर्थ में पर्यटक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

## किसानों को किया गया 11170.55 करोड़ का भुगतान



लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल निर्देशन में 7.82 लाख किसानों को 11170.55 करोड़ का भुगतान किया गया। धान खरीद के लिए 70 लाख मीट्रिक टन धान का क्रय लक्ष्य निर्धारित है। क्रय एजेंसी खाद्य व रसद विभाग की विपणन शाखा, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, मंडी परिषद व भारतीय खाद्य निगम द्वारा 5206 क्रय केंद्र स्थापित किए गए। 14 फरवरी तक 7.82 लाख किसानों से 52.47 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इस एवज में किसानों के बैंक खाते में 11170.55 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया गया है। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 प्रति क्विंटल तथा धान ग्रेड-ए का मूल्य 2203 प्रति क्विंटल रुपये निर्धारित है।

**सीएम ने दिया निर्देश- कृषकों को न हो कोई असुविधा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीद की समीक्षा की। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि धान विक्रय में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने क्रय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों से कहा कि किसान हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतएव यदि धान क्रय में लापरवाही बरती जाती है तो दोषी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

**10.45 लाख से अधिक किसानों ने कराया ऑनलाइन पंजीकरण**

कुल 5206 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें धान बिक्री के लिए 10,45,946 किसानों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया। 14 फरवरी तक 7.82 लाख किसानों से 52.47 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गयी, और इसके तहत 11,170.55 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों के बैंक खाते में किया गया। क्रय केन्द्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण ऑटोमेटेड सॉफ्टवेयर के माध्यम से कराया जा रहा है। मानवीय हस्तक्षेप समाप्त होने से धान प्रेषण एवं सी0एम0आर0 डिलीवरी की स्थिति में गुणवत्तापरक सुधार आया है। क्रय केंद्रों से राइस मिलों को धान का प्रेषण में प्रथम बार अधिक खरीद वाले 40 जनपदों में जी0पी0एस0 युक्त वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है। इसकी सतत् मॉनिटरिंग भी की जा रही है, जिससे इस प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी किया जा सके।

### सीएम हेल्पलाइन से लगभग 92 हजार किसानों की समस्याओं का कराया गया निराकरण

सीएम हेल्पलाइन, खाद्य विभाग के कॉल सेन्टर / टोल फ्री नम्बर, प्रदेश, मंडल व जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम द्वारा धान क्रय में आने वाली किसी भी कठिनाई का त्वरित गति से समाधान कराया जा रहा है। सीएम हेल्पलाइन से 91,842 किसानों को कॉल कर फीडबैक प्राप्त कर धान बिक्री व भुगतान से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण कराया गया। खाद्य विभाग के कॉल सेन्टर पर धान खरीद से सम्बन्धित कुल 1118 प्राप्त शिकायतों में से 1090 निस्तारित हैं, शेष 28 का निस्तारण कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अधेड़ ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हमीरपुर।** अरतरा गांव निवासी रमाशंकर 38 वर्ष पुत्र बिंदा प्रसाद ने शुक्रवार की देर रात गांव के बाहर पानी की टंकी के समीप लगे एक नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह घटना की जानकारी होने पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया। घटना का कारण गृह कलह व आर्थिक तंगी माना जा रहा है। मृतक अपने पीछे चार पुत्रों समेत पत्नी को बिलखता छोड़ गया है।घटना की सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया।

### युवती की सड़क हादसे में मौत

**हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम भैंस्ता निवासी गुड़िया 19 वर्ष पुत्री कृष्ण प्रसाद यादव शनिवार की सुबह अपने भाई कौशल उर्फ छोटू के साथ बाइक में बैठकर मुख्यालय के विद्यामंदिर इंटर कालेज में पुलिस की परीक्षा देने जा रही थी। जैसे ही उनकी बाइक नगर के तहसील मार्ग में स्टेट बैंक के समीप पहुंची, तभी पीछे से आ रहे ओवरलोड बालू लादे बेकाबू ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे गुड़िया बाइक से उछलकर ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। ट्रक के पहिए से कुचलने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से ट्रक लेकर भागने में सफल रहा। इधर छोटू लोगों की मदद से लहुलुहान गुड़िया को लेकर अस्पताल पहुंचा जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### पचास हजार की गृहस्थी जलकर खाक



**भरुआ, सुमेरपुर।** सौंखर गांव निवासी शंकरलाल प्रजापति ने बताया कि उसके पड़ोसी ने दोपहर में मकान के पिछवाड़े कूडा करकट में आग लगाकर जलाया था। इससे उसके रिहायशी मकान में आग लग गई। आग लगने से भूसा, अनाज, गृहस्थी का सामान खाक हुआ है। गृहस्वामी के अनुसार करीब 50 हजार की संपत्ति जलकर खाक हुई है। आग बुझाने में पड़ोसी ऊदल प्रजापति के मकान में भी क्षति हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे फायर दस्ते ने आग पर काबू पाया। ग्राम प्रधान कप्तान सिंह यादव ने घटना से लेखपाल को अवगत कराकर क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा है।

### एल्मिको ने वृद्धजनों को बांटे उपकरण



**भरुआ, सुमेरपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने विकासखंड कार्यालय में सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन कर एल्मिको ने वयो श्री योजना के तहत वृद्धजनों को उपकरण वितरित किये। वर्ष 2021 में शिविर लगाकर वृद्धों का परीक्षण करके पंजीकरण किया गया था। 2 वर्ष बाद एलिम्को कंपनी ने ब्लॉक कार्यालय प्रांगण में शिविर लगाकर वृद्धजनों को ट्राई साइकिल, छड़ी आदि तमाम उपकरण वितरित किए। एल्मिको के उप प्रबंधक राजदेव ने बताया कि वर्ष 2021 में 257 वृद्धजनों के पंजीकरण हुए थे। शनिवार को आयोजित शिविर में पंजीकृत वृद्धजनों को बुलाकर उपकरणों का वितरण डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी बीडीओ शांतनु सिनसिनवार एवं समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर पटेल के हाथों कराया गया। इस मौके पर एल्मिको के पंकज आनंद, रानी यादव, अमित मौर्य, सौरभ सिंह, प्रमोद निषाद, अभिषेक पांडे आदि मौजूद रहे।

### कस्बे के परीक्षा केंद्र में 31 रहे अनुपस्थित




**भरुआ, सुमेरपुर।** कस्बे के मां गीता महेश्वरी इंटर कालेज में बनाए गए पुलिस परीक्षा केंद्र में प्रथम दिन दोनों पालियों में कुल 960 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। यहां पर सघन तलाशी के बाद अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश दिलाया गया। सुबह की पाली में 480 अभ्यर्थियों में से 13 अनुपस्थित रहे। प्रथम दिन दोनों पालियों में कुल 31 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। केंद्र प्रभारी डा अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि कस्बे के इस केंद्र में कुल 960 अभ्यर्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत थे। सुबह की पाली में 13 अनुपस्थित रहे। जबकि शाम की पाली में 18 ने परीक्षा छोड़ दी। केंद्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। यहां पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। सघन तलाशी के बाद अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश दिलाया गया।

### भूटिया अलीगढ़ ने आकाश कासगंज को पटका



**भरुआ, सुमेरपुर।** शनिवार को दंगल के दूसरे दिन ग्राम प्रधान नोखेलाल यादव व पूर्व प्रधान सौरभ सिंह ने पहली कुश्ती गोविंद खरौंज व कृष्णा औरैया का हाथ मिलवाकर किया। जिसमें गोविंद ने कृष्णा को हराया। अरुण हाथरस ने संजय कन्नौज को पटखनी दी। विकास हाथरस ने जावेद कन्नौज को धूल चटाई। भूरा अलीगढ़ ने सुल्तान कानपुर को चित कर दिया। भूटिया अलीगढ़ ने आकाश कासगंज को हराया। टेढ़ा के ध्रुवलाल यादव ने जान मुहम्मद बिल्हौर को हराकर दंगल में बेहतरीन दांवपेंच दिखाए। दंगल कमेटी एवं मेला कमेटी के अलावा रामकिशोर सिंह, उमाशंकर मिश्रा, सौरभ सिंह, अरविंद श्रीवास्तव, परशुराम प्रजापति, विनोद तिवारी, अनिल यादव, ब्रह्मदत्त मिश्रा, पप्पू द्विवेदी, कप्तान सिंह, छोटी गुप्ता,बाबू गुप्ता, कल्लू शुक्ला, प्रिंस सिंह, चंचल यादव, ग्राम प्रधान रामफूल निषाद, अशोक यादव, रंजीत यादव, इंद्रपाल, कपिल कुशवाहा, पंकज यादव, चेतन सिंह, ब्रह्माकुमार सिंह, डा आशीष वर्मा आदि रहे।

### गोवा में बढ़ाया कानपुर का मान



**कानपुर।** गोवा में आयोजित राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में नगर निगम कानपुर की तरफ से मोनू निषाद द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त राष्ट्रीय तैराकी / डाइविंग प्रतियोगिता मे मोनू निषाद द्वारा 02 गोल्ड मेडल, 01 सिल्वर मेडल एवं 02 ब्रोंज मेडल जीतकर नगर निगम कानपुर का मान बढ़ाया गया। मेडल विजेता मोनू निषाद को नगर निगम कानपुर के लेखा विभाग में कृपानन्द शुक्ला, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी द्वारा प्रभु श्रीराम की प्रतिमा एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया तथा वहीं पर प्रीतम श्रीवास्तव, संजय बाजपेयी, महेश शुक्ला, शिवशंकर मिश्रा, इन्दर सिंह तथा श्री हिमान्शु गुप्ता, हिमान्शु त्रिवेदी, गोरखनाथ आदि लेखा कर्मचारी रहे।

### एवोक इंडिया ने किया वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम



**उन्नाव ( स्पष्ट आवाज )।** गंगाघाट उन्नाव क्षेत्र के स्कूलों के शिक्षकों को वित्तीय प्रबंधन के बारे में जागरूक करने के लिए एवोक इंडिया ने ओम विद्या मंदिर, शुक्लागंज, जिला उन्नाव में शिक्षकों के लिए एक सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत एवोक इंडिया की वरिष्ठ प्रबंधक-प्रशिक्षण सोनाली अग्रवाल द्वारा सभी शिक्षकों के स्वागत से हुई। कार्यशाला के दौरान मुख्य वक्ता श्वेता सिंह सेबी स्मार्ट ट्रेनर ने म्यूचुअल फंड की अवधारणा, म्यूचुअल फंड के प्रकार जैसे ओपन एंडेड और क्लोज्ड एंडेड के बारे में बताया। एवोक इंडिया ने ग्रामीण वयस्कों को वित्तीय साक्षरता प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश के 22 जिलों और बिहार के 11 जिलों में आरबीआई की 'सेंटर फॉर फाइनेंशियल लिटरेसी' परियोजना भी लागू की है। इसके तहत इवोक इंडिया ने पिछले साल 26000 सत्रों में 7 लाख की आबादी को सफलतापूर्वक कवर किया है।

# फंस गये गुरू! 'पुलिस' को बनाने चले थे 'फुलिश'

## आरक्षी भर्ती परीक्षा में एसटीएफ और कानपुर पुलिस के हत्थे चढ़े सॉल्वर गैंग के छह जालसाज











**आशुतोष मिश्र 'रुद्र'**

**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** "इफ यू आर बैड, आई एम योर डैड।" कांस्टेबल (आरक्षी) भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले सॉल्वर गैंग के खिलाफ ताबड़तो कार्यवाही करते हुए एसटीएफ लखनऊ और कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की टीम ने जालसाजों को कुछ ऐसा ही संदेश दिया। यूपी पुलिस में नौकरी का सपना पूरा करने के नाम पर नौजवानों को ठगने वाला 'सॉल्वर गैंग' पुलिस के वर्कआउट में एक्सपोज हो गया। हनुमंत विहार नौबस्ता से दो और कल्याणपुर थाना सर्किल से चार सॉल्वर पुलिस वर्कआउट में दबोचे गए।

बेरोजगार युवाओं के सपनों से खेलने वाले इन शातिरों के पास पुलिस-प्रशासन को चकमा देने के सारे साजोसामान मौजूद थे। इतनी बारीकी से मंसूबों को अंजाम देने की तैयारी थी कि कोई भांप भी ना पाता, लेकिन भंडाफोड़ हो गया। सूचना तंत्र के सहारे पुलिस ने मशक्कत करके छह आरोपियों को धर दबोचा। इनके पास से पुलिस ने माइक्रोफोन, एटीएम, वोटर आईडी, पैन कार्ड, आधार कार्ड, स्टैम्प, मोबाइल समेत मंसूबों को अंजाम देने वाले तमाम गैजेट्स बरामद हुए हैं।

**कमिश्नरेट पुलिस एलर्ट मोड पर..**

कमिश्नरेट पुलिस भी परीक्षा को लेकर अलर्ट मोड पर नजर आयी। कानपुर के 110 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित हो रही है। सुबह से ही हर तरफ सुरक्षा सख्त नजर आयी। अभ्यर्थियों को कड़ी जांच के बाद ही परीक्षा केंद्र के अंदर जाने दिया गया। हर केंद्र पर क्राइम ब्रांच से लेकर एसटीएफ का भी पहरा रहा। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सॉल्वर पकड़े जाने की खबरों के बाद सतर्कता को और बढ़ा दिया गया। इन सबके बीच सुबह की पाली में हुई परीक्षा को देकर जब अभ्यर्थी केंद्रों से बाहर निकले, तो उनके चेहरे पर राहत के भाव नजर आए, अभ्यर्थियों का कहना था कि पहला पेपर अपेक्षाकृत आसान आया है, इसलिए उसे करने में ज्यादा कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा।

#### कल्यानपुर पुलिस ने पकड़े चार सॉल्वर

कल्याणपुर पुलिस ने पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के दौरान वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर 4 साल्वर अजय अतिरेक कटियार पुत्र अमरनाथ कटियार निवासी नवादा सुजान, वीरपाल सिंह उर्फ़ सीन्टू पुत्र विनोद कुमार निवासी सलेमपुर, अनिल कुमार कटियार उर्फ राम जी पुत्र अमर सिंह कटियार निवासी भैसऊ, नीरज कुमार पुत्र श्यामबाबू निवासी बिहार चौकी डेरापुर को कल्यानपुर थाना पुलिस एवं एसटीएफ लखनऊ की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।



आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा उ0प्र0 में हो रही आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत जनपद कानपुर देहात कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र स्थित परीक्षा केन्द्र अकबरपुर इंटर कॉलेज व अकबरपुर महाविद्यालय अकबरपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। कानपुर जोन के समस्त जनपदों में कुल 299 परीक्षा केन्द्र तथा डेढ़ लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे जिसके सम्बन्ध में जनपद प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा-व्यवस्था का निरीक्षण स्वयं करें।



पुलिसभर्ती परीक्षा को सकुशल कराने के लिए जिन सेंटरों की क्षमता एक हजार से ज्यादा थी, वहां पर एसीपी स्तर के अधिकारी तैनात रहे। इसके अलावा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जाती रही।

**सेंट्रल स्टेशन पर रहा परीक्षार्थियों का लोड...**

पुलिस भर्ती परीक्षा का सबसे ज्यादा लोड सेंट्रल स्टेशन पर देखा जा रहा है। रविवार को होने वाली परीक्षा को लेकर बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों का सेंट्रल स्टेशन पर आना लगातार जारी है। अभ्यर्थियों की भीड़ की वजह से ट्रेन से यात्रा करने वाले अन्य यात्रियों के सामने काफी मुश्किलें सामने आ रही हैं। हालत ऐसी रही कि लोगों को प्लेटफॉर्म बदलने से लेकर सीढियां चढ़ने में तकलीफों का सामना करना पड़ा। बाहर से आए अभ्यर्थी सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफॉर्म आदि जगहों पर आराम करने लगे। इसे देखते हुए जीआरपी से लेकर आरपीएफ भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आयी। आरपीएफ के अफसरों ने तो बकायदा यहां पर फोर्स को भीड़ को हैंडल करने के तौर तरीके समझाए और किसी से भी अभद्रता न करने के निर्देश दिए। अभ्यर्थियों की भीड़ को देखते हुए प्रयागराज से भी पुलिसकर्मी कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर ड्यूटी करने आए हुए हैं। अभ्यर्थियों की भीड़ की वजह से अन्य यात्रियों को तकलीफ न होने देने के भी निर्देश दिए गए हैं।

#### हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में पकड़े गये दो सॉल्वर

हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में एसटीएफ ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक कानपुर के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि एसटीएफ को सूचना मिली थी कि नौबस्ता व हनुमंत विहार के रहने वाले कुछ लोग सिपाही भर्ती की परीक्षा में पेपर लीक करवाने और पेपर सॉल्वर के माध्यम से परीक्षा में पास करवाने के लिए अभ्यर्थियों से पैसे ले रहे हैं। इस पर एसटीएफ ने दो युवकों को योगेंद्र विहार से पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों की पहचान योगेंद्र विहार खाड़ेपुर निवासी नितिन सिंह तोमर और जूही कला निवासी सार्थक सिंह यादव के रूप में हुई है। इन दोनों के पास से 42 अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड की फोटो कॉपी बरामद हुई है। शुरुआती पूछताछ में दोनों ने बताया कि 108 एम्बुलेंस चालक हंसराज यादव से संपर्क हुआ था। उन्होंने प्लान किया था कि वह मनगढ़ंत पेपर सेट कर अभ्यर्थियों को बेचकर मोटी रकम वसूल करेंगे, एसटीएफ ने दोनों आरोपियों को हनुमंत विहार पुलिस को सौंप दिया।

# हेलो सर! मेरी बीवी दूसरी शादी कर रही है

## फोन के बाद पति को कोतवाली घाटमपुर ले गई पुलिस


**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** घाटमपुर के एक सरगांव निवासी युवक ने कंट्रोल रूम में फोन करके सूचना दी कि साहब मेरी पत्नी दूसरी शादी कर रही है। पुलिस शादी को रुकवाने के बजाय पति को पकड़कर थाने ले आई और पूछताछ की। इधर पति से पूछताछ हो रही थी, उधर गेस्ट हाउस में पत्नी की शादी हो रही थी, जबकि कानपुर देहात कोर्ट में तलाक का मुकदमा विचाराधीन है।

सजेती थाना क्षेत्र के सरगांव निवासी हरिवंश शनिवार दोपहर नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में पहुंचा तो वहां पर पत्नी के परिवारजनों उसकी दूसरी शादी कर रहे थे। यह जानकारी जब पति को हुई तो उसने डायल 112 पर कंट्रोल रूम में फोन करके सूचना दी। पति ने कंट्रोल रुम में फोन करके बताया कि साहब मेरी पत्नी घाटमपुर स्थित राज गेस्ट हाउस जहानाबाद रोड में दूसरी शादी कर रही हैं।

पति गेस्ट हाउस बाहर खड़ा होकर पुलिस का इंतजार कर रहा था। पति हरिवंश ने पुलिस को बताया कि साहब गेस्ट हाउस के अंदर मेरी पत्नी दूसरी शादी कर रही है। जिसके बाद पुलिस पति को अपने साथ पकड़कर घाटमपुर थाने लेकर आई। वहीं घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा पति से पूछताछ की जा रही थी। इंस्पेटर के मुताबिक पति शांति भंग कर रहा था, जिसके चलते उसे घाटमपुर थाने लाया गया। पुलिस की पूछताछ में हरिवंश ने बताया कि उसने घाटमपुर नगर स्थित कुष्मांडा देवी मंदिर में हिंदू रीति रिवाज के साथ युवती के साथ शादी की थी, जिसके बाद वह उसके साथ लखनऊ में किराए पर रह रहा था। उसने अपने पत्नी के नाम पर एक प्लाट खरीदा था। जिसके बाद से पत्नी का मन बदल गया और पत्नी वापस अपने मायके लौट आई। जब पत्नी को लेने पहुंचा तो ससुरालीजनों ने उसके साथ मारपीट की और पत्नी की दूसरी शादी करने की कायवाद शुरू कर दी। जब इस बात की जानकारी पति को हुई तो उसने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की थी। ससुरालीजनों के पिटाई करने के बाद पति ने कानपुर देहात कोर्ट में बीते दिनों तलाक का मुकदमा डाला था। जो कोर्ट में विचाराधीन है। दो दिन पहले पति तारीख लेकर वापस आया तो पति को पता चला कि पत्नी दूसरी शादी कर रही है, जिस पर पति ने घाटमपुर एसीपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत कर शादी रुकवाने की मांग की थी। पुलिस के मुताबिक सजेती में युवती ने बीते दिनों युवक पर दुष्कर्म का मुदकमा दर्ज कराया गया था। जिस पर पुलिस ने युवक के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट भी दाखिल की है। कोर्ट में दोनो के बीच तलाक का मुकदमा चल रहा है। कोर्ट में युवक के द्वारा युवती की शादी होने की जानकारी दी गई थी। लेकिन कोर्ट ने कोई आदेश नहीं दिया, जिसके चलते पुलिस ने युवती की शादी नहीं रोकी है।

एसीपी रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को शादी रुकवाने का अधिकार नहीं है। कोर्ट में दोनो के बीच तलाक का मुकदमा चल रहा है। कोर्ट ने शादी को लेकर कोई आदेश नहीं दिया है। जिसके चलते युवती की शादी नहीं रुकवाई है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा एडमिट कार्ड में 'सनी लियोनी'



Admit Card

Provisional Admit card for OMR based examination for the post of Constable (CIVIL POLICE) - 2023

पीआरपीबी : एक -1(150) /2023, दिनांक 23.12.2023

| | |
|---|---|
| Roll Number | |
| Candidate's Full Name | SUNNY LEON |
| Candidate's First & Last Name | SUNNY LEON |
| Registration Number | 12258574 |

**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** शनिवार से शुरू हुई यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा के तहत पहली पाली के दौरान अफसरों के बीच यह जानकारी पहुंची कि प्रवेश पत्र की लिस्ट में शामिल अभ्यर्थी सनी लियोनी रोल नंबर 1575771, रजिस्ट्रेशन नंबर 12258574 और परीक्षा केंद्र संख्या 51010, कन्नौज जिले के तिर्वा स्थित श्रीमती सोनेश्री स्मारक महाविद्यालय। हालांकि तय समय तक और परीक्षा होने के बाद तक इस नाम का कोई अभ्यर्थी नहीं पहुंचा। अफसर इसे किसी की शरारत मान रहे हैं। दरअसल दो दिनों तक चलने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा में कन्नौज जिले के 10 सेंटर पर 19488 परीक्षार्थियों को शामिल होना है। शनिवार को पहली पाली की परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले तिर्वा स्थित श्रीमती सोनेश्री स्मारक बालिका महाविद्यालय में ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों व कॉलेज प्रशासन इस बात पर चौंक पड़ा कि प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई गई अभ्यर्थियों की लिस्ट में एक नाम अभिनेत्री सनी लियोनी का भी है। बाकायदा तस्वीर भी लगी है। पहले तो अधिकारी इसे लेकर चौंके। अफसरों को अवगत कराया गया। उसके बाद अभ्यर्थी आने शुरू हुए तो यह देखने की कोशिश की गई कि सम्बंधित रोल नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर का प्रवेश पत्र लेकर परीक्षा देने को कौन आता है, लेकिन इस नाम का या इस प्रवेश पत्र के नंबर से कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचा। देखते ही देखते सनी लियोनी के नाम से जारी प्रवेश पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

एसपी के अनुसार भर्ती प्रक्रिया के तहत आवेदन ऑनलाइन हुए थे। जिस भी अभ्यर्थी ने अपना आवेदन किया है, उसने अपना नाम और तस्वीर अपलोड की। संभव है कि किसी ने शरारत के मकसद से यह खुराफात की है। जो आवेदन किया गया, उसी के मुताबिक प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया गया। जानकारी प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ पहुंचा दी है।

# मैं सपा में था... सपा में ही रहूंगा

## विधायक अमिताभ बाजपेई ने कांग्रेस, भाजपा में शामिल होने की अफवाह का किया खंडन



**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से पहले कानपुर में ऐसी अफवाहें उड़ीं कि सपा नेतृत्व तक बातें पहुंच गईं। दरअसल, कई रिपोर्ट्स में इस बात का दावा किया गया कि कुछ सपा विधायक कांग्रेस और भाजपा के संपर्क में है और जल्द ही सपा से नाता तोड़ सकते हैं। दावा किया जा रहा है कि इसमें सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी का नाम भी शामिल है। इस खबर के बाद चर्चाओं का बाजार ऐसा गर्म हुआ कि सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी का फोन भी खूब घनघनाने लगा। खबर तो इस बात की है कि सपा हाईकमान तक से उनसे इस बारे में बात की गई। दरअसल, पहले अमिताभ बाजपेयी के कांग्रेस में शामिल होने की बात कही गई, इसके बाद अफवाह उड़ी कि वह भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इसके बाद अमिताभ बाजपेयी को खुद इसका खंडन करने के लिए सामने आये और सोशल मीडिया पर एक संदेश जारी किया। सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश जारी करते हुए अमिताभ बाजपेयी ने कहा कि वह शुरूआत से अब तक सपा के साथ हैं। वह समाजवादी पार्टी छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि कुछ लोग समाजवादी पार्टी की रणनीति को जानना चाहते हैं, उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं और हमेशा उनके साथ ही रहेंगे।

# महंगा पड़ा मजाक पांच घायल

**कानपुर।** साकेत नगर निवासी ट्रांसपोर्टर का बेटा बर्रा दो स्थित पूर्णचंद स्कूल में हाईस्कूल का छात्र है। शुक्रवार को स्कूल प्रबंधन द्वारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया था। इस दौरान कुछ बच्चे स्कूल के बाहर ढोल नगाड़े पर डांस कर रहे थे। तभी एक छात्र फॉर्च्युनर कार से स्कूल पहुंचा। साथी छात्रों को डांस करता देख मजाक में कार से कट मारने का प्रयास किया। कट से साथी छात्रों में भगदड़ मची तो कार सवार छात्र का पैर ब्रेक की जगह एक्सीलेटर पर पड़ गया। जिससे फॉच्यूनर अनियंत्रित होकर पांच छात्रों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़ी कार व चार बाइकों को टक्कर मारती हुई रेस्टोरेंट में जा घुसी। शोर शराबा सुनकर स्थानीय लोगों ने किशोर की पिटाई कर बर्रा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने घायल जश्न भाटिया, कौस्तुभ मिश्रा, संदीप सिंह, अभिषेक पांडेय व समृद्धि को बर्रा हाइवे स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चार को घर भेज दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल जश्न भाटिया को अस्पताल में भर्ती कर लिया। बर्रा इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। घायल छात्रों के परिजनों की ओर कोई तहरीर नहीं मिली है।

दो छात्रों के परिजनों ने आरोपी छात्र के पिता से इलाज कराने के नाम पर समझौता कर लिया है।

# आईपीएस के 'फर्जी' हस्ताक्षर करने वाले बाबू की संकट में नौकरी!




**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** पुलिस विभाग में फर्जीवाड़े का एक और खुलासा हुआ है। पुलिस कर्मियों को प्रमोशन के लिए सर्विस बुक से पन्ने गायब करने वाला बाबू देवेंद्र मौर्या (लिपिक) अब आईपीएस के फर्जी हस्ताक्षर कर पुलिस कर्मियों को अवकाश देने के मामले में भी दोषी पाया गया है।

फोरेंसिक रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद एडिशनल पुलिस कमिश्नर मुख्यालय ने लिपिक पर कार्रवाई के लिए फाइल तलब की है। ऐसे में अब लिपिक की बर्खास्तगी तय मानी जा रही है। पुलिस मुख्यालय में तैनात लिपिक (दरोगा) देवेंद्र मौर्या ने तीन कांस्टेबल के प्रमोशन के लिए सर्विस बुक से बैड एंट्री के पन्ने गायब कर दिए थे। मामला संज्ञान में आने के बाद तत्कालीन पुलिस कमिश्नर ने चारों को निलंबित करने के साथ ही विभागीय जांच बैठा दी थी। जांच में दोषी पाए जाने पर तीनों कांस्टेबल को तीन साल के लिए न्यूनतम वेतन की सजा सुनाई थी। इस बीच लिपिक देवेंद्र मौर्या का एक और कारनामा सामने आ गया।

देवेंद्र मौर्या ने छह नवंबर 2021 से 31 जनवरी 2024 के बीच डीसीपी मुख्यालय के फर्जी हस्ताक्षर कर कई पुलिसकर्मियों को अवकाश दे दिया। इस दौरान शिवाजी शुक्ला डीसीपी मुख्यालय पद पर तैनात थे। मामला संज्ञान में आने के बाद डीसीपी मुख्यालय ने इस पर विभागीय जांच कमेटी गठित की। साथ ही, मामले की जांच एसीपी लाइन को सौंपी गई थी। वर्तमान में अंजनी विश्वकर्मा के पास एसीपी लाइन का चार्ज है। अधिकारियों की प्राथमिक जांच में पता चला कि आठ पुलिस कर्मियों के अवकाश की अनुमति पर फर्जी हस्ताक्षर मिले थे।

फोरेंसिक की रिपोर्ट में लिपिक देवेंद्र मौर्या के ही हस्ताक्षर मिले हैं। अब एडिशनल पुलिस कमिश्नर विपिन मिश्रा ने देवेंद्र मौर्या की फाइल तलब की है। ऐसे में अब देवेंद्र मौर्या की बर्खास्तगी तय मानी जा रही है।

# लेनदेन के विवाद में चाकू मारकर हत्या



**हमीरपुर ( स्पष्ट आवाज )।** मौदहा नगर के हुसैनगंज निवासी आकाश वर्मा 22 वर्ष पुत्र शिवदास व उसके मोहल्ले के ही साथी एजाज उर्फ इज्जू पुत्र इकबाल के मध्य शनिवार की दोपहर करीब 11 बजे साजन तालाब के पास पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। जिस पर आक्रोशित एजाज ने चाकू निकालकर आकाश के सीने में घोंप दिया। घटना की जानकारी होने पर गंभीर रूप से घायल आकाश को उसके परिजन नगर के सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने आकाश को देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर घटना की जांच पड़ताल करने के साथ साथ आरोपी के खिलाफ मामला पंजीकृत कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मृतक के पिता शिवदास ने बताया कि उसके चार बेटे हैं। वर्तमान में आकाश पुलिस परीक्षा की तैयारी कर रहा था। रविवार को उसे पुलिस भर्ती की परीक्षा देने प्रयागराज जाना था। बताते चलें कि मृतक आकाश छह माह पूर्व एक लूट के मामले में मौदहा कोतवाली से जेल गया था। वह हाल में ही जेल से छूटकर आया था।

# समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष ने सुनीं जनसमस्याएं




**फर्रुखाबाद ( स्पष्ट आवाज )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आव्हान पर शनिवार को समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में मोहल्ला-मोहल्ला जनसुनवाई के कैंप मोहल्ला अस्तबल तराई पर लगाया गया, जिसमे प्रभारी महानगर सचिव उरूज खान ने जनसुनवाई में आये मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा एवं आए हुए पार्टी के सभी पदाधिकारी का माल्यार्पण कर इस जनहित के कार्य के लिए शुभकामनाएं देकर स्वागत किया एवं आज के कैंप के प्रभारी समाजवादी पार्टी महानगर सचिव उरूज खान एवं पार्टी के महानगर महासचिव रजत क्रांतिकारी, महानगर उपाध्यक्ष खुर्शीद खान, अमन भारद्वाज, सत्यम अवस्थी, कमल हसन, मजीद अली आदि पदाधिकारी ने बड़ी संख्या में आम जनता की समस्यओं को सुना।

मोहल्ला मोहल्ला जनसुनवाई में परवेज, फेज खा, सन्नू खान, मो0 शकील, गोविंद, नासिर, हसमुद्दीन, निशा खान, मुमताज, ऋषभ शुक्ला, नफीश, नन्हे खा, श्वेब समेत 21 लोंगो ने अपनी समस्या बताई। प्रमुख समस्याओं में सभी मोहल्ले वासी ने एक स्वर में बताया इस मोहल्ले की सड़क पेपरों में तो बन चुकी है लिकिन सच्चाई में अभी तक नहीं बनी एवं लोगो ने बताया यहाँ नगर पालिका के पानी की सप्लाई टूटी होने के कारण मोहल्ले वाले पीने के पानी तक की परेशानी है जिस पर महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने कहा कि अगर ऐसा है तो इस विषय में ईओ नगरपालिका को सूचित किया जाएगा व जांच होगी। और राशन कार्ड सम्बंधित एवं वृद्धावस्था पेंशन संबंधित कुछ समस्या आई जिस विषय में शिकायतकर्ता को पूर्ण जानकारी से अवगत कराया एवं संबंधित अधिकारियों के भी संज्ञान में डाला गया जो समस्या बच गयी है उनके लिए सपा महानगर सम्बंधित अधिकारियों से मिलने का कार्य करेगी। एवं महानगर अध्यक्ष राघव मिश्रा ने बताया मोहल्ला-मोहल्ला जनता की समस्या का अगला केम्प नेकपुर चौराशी पुल के पास लगाया जाएगा, जिसके प्रभारी सपा के पूर्व कोशाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा होंगे।

कानपुर नगर निगम

कानपुर नगर निगम

**निविदा सूचना**

**निविदा संख्या - 70/मु0अभि0/2023-24**

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023-24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्तवपूर्ण एवं आवश्यक कार्यों हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :-

1. ई-निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :- 52 दिनांक 25.02.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यों का पृथक-पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

**पत्रांक : 380, दिनांक : 17.02.2024**

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम कानपुर**

स्पष्ट आवाज़
SA NEWS
लखनऊ, रविवार, 18 फरवरी, 2024
विक्रम संवत 2080, माघ मास, नवमी (शुक्ल पक्ष)



जो लोग जानते हैं, वह करते हैं। वो लोग जो समझते हैं, वह दूसरों को सिखाते हैं। - अरस्तु

# लोकतंत्र के लिए अहम

इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना शुरू से विवादास्पद थी। जो अनुभव रहा, उससे इसके खिलाफ आरंभ ही कही गई बातें लगातार ठोस साबित होती गईं। इनके बीच यह तर्क महत्त्वपूर्ण था कि असीमित और गुप्त राजनीतिक चंदा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के तकाजे के खिलाफ है।

इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना को रद्द कर सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में बड़ा योगदान किया है। यह योजना शुरू से विवादास्पद थी। जो अनुभव रहा, उससे इसके खिलाफ आरंभ ही कही गई बातें लगातार ठोस साबित होती गईं। इनके बीच दो तर्क महत्त्वपूर्ण थे- पहला यह कि असीमित और गुप्त राजनीतिक चंदा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के तकाजे के खिलाफ है। दूसरी दलील यह थी कि इलेक्ट्रॉल बॉन्ड योजना में शामिल प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत मिले सूचना के अधिकार का उल्लंघन हैं। इन दोनों ही तर्कों को अब सुप्रीम कोर्ट ने वाजिब ठहराया है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि गुप्त चंदे का प्रावधान सूचना के अधिकार के खिलाफ है। इस प्रावधान के तहत एक और आपत्तिजनक बात यह रही है कि चंदा देने वाली कंपनियों की पहचान आम जन से तो छिपी रहती है, लेकिन सरकार को यह सब मालूम रहता है कि कौन किसको कितना चंदा दे रहा है। इससे इस आरोप को बल मिला कि कंपनियों के लिए विपक्षी दलों को चंदा देना जोखिम भरा हो गया है। तमाम उपलब्ध आंकड़ों से इस बात की लगातार पुष्टि हुई है कि इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के तहत दिए गए चंदे का अधिकांश हिस्सा सत्ताधारी दल को गया है। कोर्ट ने उचित ही यह कहा कि राजनीति चंदे के जरिए दाताओं की सत्ता के हलकों तक पहुंच बनती है। इस पहुंच से नीति निर्माण के प्रभावित होने का अंदेशा पैदा हो जाता है।

सार्वजनिक दायरे में ये धारणा भी गहराई है कि वर्तमान सरकार और कुछ कॉरपोरेट घरानों के बीच ऐसे अंतर्संबंध बन गए हैं, जिनसे देश की महत्त्वपूर्ण नीतियां प्रभावित हो रही हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का इस योजना को संचालित करने वाले भारतीय स्टेट बैंक को दिया गया यह आदेश अत्यंत महत्त्वपूर्ण है कि वह इस योजना के तहत पार्टियों को मिले चंदे की पूरी जानकारी निर्वाचन आयोग को दे।

> प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि गुप्त चंदे का प्रावधान सूचना के अधिकार के खिलाफ है। इस प्रावधान के तहत एक और आपत्तिजनक बात यह रही है कि चंदा देने वाली कंपनियों की पहचान आम जन से तो छिपी रहती है, लेकिन सरकार को यह सब मालूम रहता है कि कौन किसको कितना चंदा दे रहा है। इससे इस आरोप को बल मिला कि कंपनियों के लिए विपक्षी दलों को चंदा देना जोखिम भरा हो गया है। तमाम उपलब्ध आंकड़ों से इस बात की लगातार पुष्टि हुई है कि इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के तहत दिए गए चंदे का अधिकांश हिस्सा सत्ताधारी दल को गया है।

## आज का इतिहास

भारतीय एवं विश्व इतिहास में 18 फ़रवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं।

1486: भक्तिकाल के प्रमुख संतों में से एक चैतन्य महाप्रभु का जन्म।

1614 : जहांगीर ने मेवाड़ पर कब्जा किया।

1836 : महान संत एवं विचारक स्वामी विवेकानन्द के गुरु रामकृष्ण परमहंस उर्फ गदाधर चटर्जी का जन्म।

1883: भारतीय क्रांतिकारी मदन लाल ढींगरा का जन्म।

1884 : चार्ल्स गोल्डेन के नेतृत्व में ब्रिटिश फ़ौजें सूडान पहुंची।

1900 : दक्षिण अफ्रीकी युद्ध में पाई क्रोन्स ने ब्रिटिश फ़ौजों के सामने हथियार डाल दिए।

1905 : श्यामजी कृष्णवर्मा ने इंडिया होमरूल सोसायटी की स्थापना लंदन में की।

1911 : विमान से पहली बार डाक पहुँचाने का काम भारत में हुआ। एयर मेल की पहली आधिकारिक उड़ान इलाहाबाद में हुई।

1915 : प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी ने इंग्लैंड की नाकेबन्दी की।

1925 : हिन्दी की कथाकार एवं निबन्ध लेखिका कृष्णा सोबती का जन्म।

1930 : सौरमंडल के नौवे ग्रह रहे प्लूटो की खोज क्लाइड टॉमबामग ने किया।

1943 : नाजी सेना ने व्हाइट रोज आन्दोलन के सदस्यों को गिरफ़्तार किया।

1945 : द्वितीय विश्वयुद्ध में इवा जिमा के लिए लड़ाई शुरू हुई।

1946 : बम्बई (अब मुंबई) में रॉयल इंडियन नेवी (नौसेना) का विद्रोह हुआ।

1952 : यूनान और तुर्की उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन में शामिल हुए।

1954 : पहले चर्च आफ़ साइंटोलॉजी की स्थापना कैलिफ़ोर्निया में की गई।

# यह संसार शब्दों का ही मेला है

**हृदयनारायण दीक्षित**

शब्दों की भीड़। दशों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिन्तन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने। पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनी। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का वाणी प्रकाशन सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है। मेला मिलन है और खरीदें बेंचे तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। पुस्तक मेला की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पढ़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में पुस्तक की काया के प्रति है अप्रत्यक्ष रूप में उसके जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं। बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं। पुस्तकों में शब्द हैं। शब्दों के अर्थ हैं। हरेक शब्द का अपना गर्भ भी है। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें शब्द से भी बड़ा काम करती हैं। वे अपनी काया में कागज (या सी.डी.) हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। मनुष्य की तरह उनमें भी 4 घटक हैं। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। वैशेषिक दर्शन व चरक ने आत्मा को भी द्रव्य बताया है। पुस्तकें संरक्षक, मार्गदर्शक व पालक हैं। पुस्तकों में शब्द रस प्रवाह का नाद हैं। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। ऐसा आनंद सतत् प्रवाही है। अन्तहीन है और अनंत भी। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। कुरान, बाइबिल, अवेस्ता आदि के आदर सर्वविदित हैं। वेद, उपनिषद्, रामायण और गीता आदि का आदर बहुत पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। लेखक, कवि या साहित्यकार शब्द प्रयोग की स्वतंत्रता से नया संसार गढ़ते हैं। पुस्तक रचनाकार की अन्तर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नही। ह्वाइट मैन ने लांग मैन कविता में लिखा था यह पुस्तक नहीं मेरी काया है। जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समाज जाऊंगा। कालिदास, तुलसी, निराला, पीबी शेली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। मैंने तमाम पुस्तकें लिखी हैं। हिन्दुत्व देश का सर्वाधिक चर्चित शब्द है। वाणी प्रकाशन ने कृपापूर्वक मेरी लिखी हिन्दुत्व का मधु प्रकाशित किया है। पुस्तकें मेरी शब्द देह हैं। लेकिन मेरी वास्तविक देह बुद्धि से भिन्न। मैं गुस्सा होता हूं, वे नहीं गुस्सातीं। मैं यशलोभी हूं। वे प्रसिद्धि पाकर भी विनम्र बनी रहती हैं। पुस्तकें रचनाकार की देह हैं। हिन्द स्वराज गांधी की शब्द काया हैं। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर। गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य मर्त्य है, मनुष्य सृजित शब्द संसार अमर्त्य है। मनुष्य क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है। देह क्षरणशील और नाशवान। अमरत्व प्राचीन प्यास है मनुष्य की। मनुष्य जानता है कि उसे मरना है, मृत्यु अवश्यंभावी है तो भी अमर होना चाहता है। अमर होने की लालसा कहां से आई? मृत्यु की ध्रुव सत्यता के बावजूद ऐसी इच्छा का कारण एक ही जान पड़ता है कि मनुष्य के भीतर क्षर के साथ अक्षर तत्व भी है। क्षर जाता ही है और अक्षर-अविनाशी है ही। यही अक्षर प्यास उसे अक्षर-अमर बने रहने के लिए प्रेरित करती है। शब्द अक्षरों का ही प्रेमपूर्ण संयोजन हैं। ऐसी जानकारी भी पुस्तकों से ही मिलती है। शब्द उगते हैं मनोभूमि पर। कोमल पुष्प जैसे आकर्षक। मधुगंध उड़ेलते हैं और हृदय में पैठ जाते हैं। जैसे शब्द कमनीय, सुकुमार और काम्य वैसी ही पुस्तकें। पुस्तकों ने विचार भी धारण किया है। शब्द ब्रह्म कहे गए हैं। पुस्तकें इस ब्रह्म को धारण करती हैं। ब्रह्म सदा रहता है, शब्द भी सदा रहते हैं।



> भारतीय चिन्तन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना।


# मां काली के उपासक थे रामकृष्ण परमहंस

(जयंती विशेष/18 फरवरी)

**रमेश सर्राफ धमोरा**

उन्नीसवीं सदी में धार्मिक क्षेत्र में श्री रामकृष्ण परमहंस सबसे ऊंचे स्थान पर विराजमान थे। वह एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातों को सामान्य लोगों के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में नयी उम्मीद जगाई। श्रीरामकृष्ण परमहंस के पास में अद्भुत शक्तियां थीं। कहा जाता है कि श्री रामकृष्ण परमहंस भगवान विष्णु के अवतार थे। उन्होंने सभी धर्मों को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था सभी धर्मों का आधार प्रेम हैं। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। इनका जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी, 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राह्मण परिवार में हुआ था। जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी- देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हें कंठस्थ याद हो गई थी। 1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदीक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करें। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था। अतः यज्ञोपवीत के पश्चात घर वालों के लगातार विरोध के बावजूद इन्होंने ब्राह्मण परिवार में प्रचलित प्रथा का उल्लंघन कर अपना वचन पूरा किया और अपनी पहली भिक्षा उस लुहारिन से प्राप्त की। यह घटना सामान्य नहीं थी। सत्य के प्रति प्रेम तथा इतनी कम उम्र में सामाजिक प्रथा के इस प्रकार उपर उठ जाना रामकृष्ण की आध्यात्मिक क्षमता और दूरदर्शिता को ही प्रकट करता है। रामकृष्ण का मन पढ़ाई में न लगता देख इनके बड़े भाई इन्हें अपने साथ कलकत्ता ले आये और अपने पास दक्षिणेश्वर में रख लिया। यहां का शांत एवं सुरम्य वातावरण रामकृष्ण को अपने अनुकूल लगा। 1858 में इनका विवाह शारदा देवी नामक पांच वर्षीय कन्या के साथ सम्पन्न हुआ। जब शारदा देवी ने अपने अठारहवें वर्ष में पदार्पण किया तब श्री रामकृष्ण ने दक्षिणेश्वर के अपने कमरे में उनकी षोड़शी देवी के रूप में आराधना की। यहीं शारदा देवी रामकृष्ण संघ में माताजी के नाम से परिचित हैं।

रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी, जिन्होंने उन्हें अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हें कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गए। रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होंने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जातीं और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था।



> श्रीरामकृष्ण परमहंस के पास में अद्भुत शक्तियां थीं। कहा जाता है कि श्री रामकृष्ण परमहंस भगवान विष्णु के अवतार थे। उन्होंने सभी धर्मों को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था सभी धर्मों का आधार प्रेम हैं। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। इनका जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी, 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राह्मण परिवार में हुआ था। जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे।

# हिन्दुत्व से सभी का विकास, सभी का विश्वास

**संजय तिवारी**

अभी केवल सात वर्ष ही हुए हैं। बीमार उत्तर प्रदेश अब विकसित उत्तर प्रदेश के रूप में एक अंतरराष्ट्रीय ब्रॉन्ड बन कर उभर रहा है। ब्रॉन्ड योगी जैसे सात्विक और सतत क्रियाशील नेतृत्व ने इस अति पिछड़े और माफियाओं की जकड़ में घुट रहे प्रदेश को आज ब्रॉन्ड यूपी बनाकर दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया है। विश्व की औद्योगिक, वाणिज्यिक और व्यापारिक संस्थाएं उत्तर प्रदेश को अपना कार्यक्षेत्र बना रही हैं। लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है और लाखों करोड़ की मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव पड़ रही है। 2017 के बाद 2024 का उत्तर प्रदेश अब बिलकुल अलग है।

किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए यह आवश्यक है कि उस क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और श्रम की उपलब्धता के साथ ही कानून व्यवस्था उत्तम हो। सामान्य जन सुरक्षित महसूस करें। कोई भी औद्योगिक इकाई या व्यापारिक गतिविधि तभी सफल होकर परिणाम दे सकती है। 2017 से पूर्व इस प्रदेश में ऐसी सोच की कल्पना भी संभव नहीं थी। बड़े उद्योग अथवा व्यापार के लिए तो परिवेश ही नहीं था। सत्ता माफिया के साथ रहती थी। अलग-अलग क्षेत्र अलग-अलग किस्म के माफिया के इशारे पर संचालित हो रहे थे। सत्ता में इनका दबदबा था। कानून व्यवस्था सम्हालने वालों को इनके इशारे पर काम करना पड़ता था। प्रदेश भारी कर्ज की बोझ में दबा था। इस प्रदेश के प्राण तत्व स्वरूप जो स्थल थे वहां की हालत जर्जर थी। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयाग, नैमिशरण्य और विंध्य क्षेत्र जैसे स्थल तो सरकार की दृष्टि में ही नहीं थे। धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। 2017 में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही जब इस प्रदेश की कमान अपने हाथ में ली तो कथित राजनीति के रणनीतिकार कुछ समझ ही नहीं पाए। उन्हें लगा कि एक संन्यासी भला 26 करोड़ रुपये की आबादी वाले इस प्रदेश को कहां लेकर चल पाएगा।

यहीं उन राजनीतिक पंडितों से चूक हो गई। योगी आदित्यनाथ की शक्ति और उनके ध्येय वाक्य से वे परिचित नहीं थे। योगी हमेशा कहा करते थे कि हिन्दुत्व और विकास एक दूसरे के पूरक हैं। यदि विकास करना है तो हिंदुत्व का मार्ग लेना पड़ेगा। योगी को पता था कि उत्तर प्रदेश ही भारत वर्ष का वह केंद्र है जहां से सनातन हिंदुत्व की प्रखर ज्योति लेकर विकास की तीव्र यात्रा की का सकती है। अपने सात वर्षों के अत्यंत अल्पकाल में उन्होंने इसे प्रमाणित कर दिखाया है।

उत्तर प्रदेश आज आर्थिक निवेश का गढ़ बन रहा है। योगी के नेतृत्व में प्रदेश में विकसित इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉ एंड ऑर्डर ने केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के उद्यमियों को अपनी ओर खींचा है।

# सीधे सरल, सहज नेता चौधरी चरण सिंह


**हरिशंकर व्यास**

नरेंद्र मोदी ने अच्छा काम किया। भले भारत रत्न वोट के लिए बांटा हो लेकिन दो सरल चेहरे याद हो आए। मुझे मेरी शुरुआती लुटियन पत्रकारिता ताजा हो गई। कितने गजब थे अस्सी के दशक के वे दिन! कितनी जिंदादिल, जीवंत और सरल थी भारत की राजनीति! लुटियन दिल्ली में मोरारजी, चरण सिंह, नानाजी, जॉर्ज फर्नांडीज, वाजपेयी और इंदिरा गांधी सभी के ठिकाने खुले होते थे। चौधरी चरण सिंह 12 तुगलक रोड की अपनी कोठी में फर्श पर बिछे गद्दों पर बैठे मेल-मुलाकात करते थे। चौपाल लगी होती थी और वेपपलू खेलते थे। जब मैं पहली बार चरण सिंह के घर गया तो उन्हें कुर्सी पर नहीं, बल्कि नीचे गद्दी पर बैठा देखा और ताश रखी हुई थी। मैं हैरान हुआ। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री का, बारीक आवाज में, ताश के लिए मुझे पूछना और घर भीड़ में भरा हुआ। सचमुच चरण सिंह का चौपाली मिजाज गजब था। वे पत्रकारों को शहरी, पूंजीवाद हिमायती, ब्राह्मण के आईने में देखते हुए भी उनका मान करते थे। और ऐसा तब सभी तरफ था। मंत्रियों-नेताओं के घरों, प्रदेशों के भवनों में नेताओं, कार्यकर्ताओं के हुजूम में पत्रकारिता मानों अड्डेबाजी। मैं जॉर्ज फर्नांडीज या बिहार भवन में कहीं जब पहली बार कर्पूरी ठाकुर से मिला तो वे जॉर्ज फर्नांडीज से ज्यादा बेतरतीब कपड़ों में दिखे, पर भले और विनम्र। हैरान था भला यह मुख्यमंत्री रहे!

चरण सिंह और कर्पूरी ठाकुर दोनों की सादगी, हिंदी प्रेम और जिंदगी जीने का देशज उत्तर भारतीय मिजाज स्वंयस्फूर्त अपनापन बनाता था। वैसे संभव है जनसत्ता' की खनक भी वजह हो।

मैं लिखता रहा हूं और मेरा मानना है कि भारत की राजनीति और पत्रकारिता का स्वर्ण काल अस्सी-नब्बे के दशक थे। राजनीति में करवट का काल। नेहरू-इंदिरा-राजीव की तीन पीढ़ियों के सौभाग्य में परिवर्तन का समय तो लोहिया के पिछड़ा पावे सौ में साठ' से जातिवाद को पंख लगने का समय। साथ ही चेहरों में पीढ़ीगत परिवर्तन का भी वक्त। हां, उन दो दशकों में 1983 में जनसत्ता' अखबार निकलने से लेकर 1987 में बोफर्स सौदे के बवाल की अवधि लुटियन दिल्ली में नए नेताओं को उभारने वाली थी। हेमवतीनंदन बहुगुणा, राजनारायण, चरण सिंह, इंदिरा गांधी, जॉर्ज फर्नांडीज, नानाजी-वाजपेयी की जगह अचानक राजीव गांधी, वीरबहादुर, वीपी सिंह, देवीलाल, आडवाणी-गोविंदाचार्य, शरद यादव-लालू-नीतीश जैसे चेहरों की बनती धुरियां। मैं क्योंकि जनसत्ता' से पहले भी 1976 से मई 1983 तक लुटियन दिल्ली की सियासी सरगर्मियों पर लिखते हुए कांग्रेस दफ्तर, जंतर मंतर, विंडसर पैलेस, आईएनएस आदि के पार्टी दफ्तरों-पत्रकारी अड्डों को छानता रहा था तो नेताओं के चेहरों, उनके मिजाज और पर्दे के पीछे की राजनीति की किस्सागोई जाने हुए था। तभी नेता, पार्टी और उनके विचार-मिजाज को लेकर मेरे भी आग्रह-पूर्वाग्रह बन चुके थे। इसलिए उसी में फिर चरण सिंह, जगजीवन राम, हेमवतीनंदन बहुगुणा, कर्पूरी ठाकुर, लालकृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी आदि विरोधी और इंदिराकालीन कांग्रेसी नेताओं पर बेबाकी से लिखता था। याद नहीं अब की उन दिनों मधु लिमये, राजनारायण से लेकर वाजपेयी, चंद्रशेखर, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, आडवाणी, नरसिंह राव पर मैंने कितनी गपशप' लिखी होगी।

विषयांतर हो गया है लेकिन नेताओं के चेहरों की मेरी समझ में हमेशा 1977-78 में जनता पार्टी की सरकार के हस्र और अनुभवों का भारी असर रहा है। आज भले 1977 की अनुभूति बेमतलब हो लेकिन सचमुच इंदिरा गांधी की इमरजेंसी को खारिज करने का हम भारतीयों का तब फैसला अद्भुत था। इसी कारण मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार को लेकर मेरे जैसे सभी आजादीपरस्त लोगों की उम्मीदें आकाश छूती हुई थीं। जनता सरकार के गठन के समय रत्ती भर ख्याल, आशंका नहीं थी कि दसियों साल संघर्षरत गैर-कांग्रेसी दलों के नेता इतने सत्ता लोभी, जिद्दी और मूर्ख होंगे जो नादानी में सरकार खत्म करा दें। और पता है किस जैसों की साजिशों से? संजय गांधी और उनके एक क्रोनी सेठ कपिल मोहन की? जनता पार्टी की सरकार को गिराने, समाजवादियों को मोहरा बनाने, मोरारजी को बदनाम करने, जगजीवन राम के परिवार की कालिख बनवाने, चरण सिंह को लोभी बनाने के सारे काम सचमुच कांग्रेस की उस फूढ्ढ टीम से थे, जिसके जहर से जनता परिवार का एक भी नेता बच नहीं पाया। हर नेता इस कहावत को चरितार्थ करते हुए था कि हर शाख पे उल्लू बैठा है अंजाम-ए-गुलिस्तां क्या होगा। हां, मधु लिमये, नानाजी देशमुख, राजनारायण, जगजीवन राम, हेमवतीनंदन बहुगुणा, मोहन धारिया जैसे दिग्गजों में हर कोई पांव पर कुल्हाड़ी नहीं, बल्कि कुल्हाड़ी पर पांव मारते हुए था। और मालूम है किस बीज सूत्र से जनता पार्टी की सरकार टूटी? जनता पार्टी में जनसंघ-आरएसएस की दोहरी सदस्यता के मुद्दे पर! इसी के ताने-बाने में स्थितप्रज्ञ प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का समाजवादियों ने जीना हराम किया तो चरण सिंह-राजनारायण ने तो इंदिरा गांधी से जा कर हाथ मिलाया। तभी वह वक्त सीधे-साधे-सरल नेताओं का गिरगिटी राजनीति का था तो आपस में लड़ कर जनसंघ और संघ का सियासी भाग्योदय करवाने वाला भी था। विषयांतर हो गया है। पते की बात है कि न समाजवादी (कर्पूरी ठाकुर) लोभी थे और न चरण सिंह लोभी थे लेकिन लुटियन दिल्ली में कांग्रेस के लंबे राज से पोषित प्रभुवर्ग, नौकरशाह, मीडिया मालिक, कपिल मोहन जैसे क्रोनी पूंजीवादी (अंबानी-अडानी के भी बस में नहीं है वैसी शतरंजबाजी) ने जनता पार्टी के कुनबे को आपस में ऐसा लड़ाया जो सभी नेता अपना विवेक खो बैठे। उस समय कर्पूरी ठाकुर बहुत सक्रिय थे। वे 1977 में जनता पार्टी की जीत के बाद बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। पर उनका भी राज दिल्ली की मोरारजी जैसा ही अराज था। बावजूद इसके सादगी, सरल-सहज व्यवहार से कर्पूरी राज (एक कसौटी हिंदी भी) की एक अलग पुण्यता थी। कहने को लालू यादव और नीतीश कुमार अपने आपको कर्पूरी ठाकुर का मानस पुत्र बताते हैं लेकिन दोनों का मुख्यमंत्री बनने के बाद कभी उन जैसा व्यवहार नहीं हुआ। सत्ता में रहते हुए भी कर्पूरी ठाकुर सौ टका निर्लोभी थे।



> चौधरी चरण सिंह 12 तुगलक रोड की अपनी कोठी में फर्श पर बिछे गद्दों पर बैठे मेल-मुलाकात करते थे। चौपाल लगी होती थी और वेपपलू खेलते थे। जब मैं पहली बार चरण सिंह के घर गया तो उन्हें कुर्सी पर नहीं, बल्कि नीचे गद्दी पर बैठा देखा और ताश रखी हुई थी। मैं हैरान हुआ। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री का, बारीक आवाज में, ताश के लिए मुझे पूछना और घर भीड़ में भरा हुआ।

स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विज्ञान कठपुतली महोत्सव का हुआ आयोजन



**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय पेड़ारी में शनिवार को विज्ञान कठपुतली महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों, अभिभावकों व समूहों को कठपुतली के माध्यम से वेक्टर जनित बिमारियों से बचाव के उपाय के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संचालक विष्णुकान्त दुबे ने बताया कि बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि बीमारिया बड़ी तेजी से फैलती हैं, जिसके बचाव एवं सुरक्षा के लिए हमें जागरूक रहना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक हम जागरूक नहीं होंगे तब तक बीमारियों को दूर नहीं भगाया जा सकता है। उन्होंने बचाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मच्छरदानी का नियमित प्रयोग करें, आस-पास की जगह पर साफ-सफाई रखें। इसके अतिरिक्त खिड़?कियों में जाली लगवाना, टायरों, डिब्बों, गमलों आदि में पानी न इकट्?ठा होने देना, पूरी आस्तीन की कमीज पहनना आवश्यक है। इस दौरान विद्यालय के इ. प्र. अ. अनवार अहमद, हरेन्द्र मौर्या, गुले तैय्यबा मलिक, एहतेशाम मलिक, नौशाद, परवेज आदि लोग मौजूद रहे।

### औचक निरीक्षण में डीएम को हर कदम पर मिली खामियां



**पटटी।** तहसील के औचक निरीक्षण में डीएम संजीव रंजन को हर कदम पर खामियां मिलीं। अभिलेखागार में फटी, पुरानी फाइलें बिखरी मिलीं, जनसुनवाई और सम्पूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण की पोल भी खुली। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार सहित विभिन्न पटल के कर्मचारियों को सुधार करने का निर्देश दिया। डीएम संजीव रंजन शुक्रवार को पटटी तहसील का औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। तहसील के कोर्ट और अभिलेखागार में रखी पत्रावलियां बिखरी मिलीं, साथ ही साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त नहीं मिली। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदार को पत्रावलियां दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। एसडीएम कार्यालय में बैठकर उन्होंने विभिन्न रजिस्टर, खतौनी, पट्टा रजिस्टर, सत्यापन रिपोर्ट, आईजीआरएस, नीलामी, मत्स्य पालन रजिस्टर, भूमि आवंटन व पौधरोपण की जानकारी ली। सम्पूर्ण समाधान दिवस और जनसुनवाई की शिकायतों के निस्तारण की स्थिति ठीक नहीं मिली। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए तहसीलदार को कार्यप्रणाली में सुधार लाने का निर्देश दिया।

### राज यादव बने सपा के ब्लाक उपाध्यक्ष

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सपा से विधानसभा क्षेत्र रामपुर खास के सांगीपुर से राज यादव को पार्टी का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव उमेश प्रताप यादव, विधानसभा रामपुर खास के अध्यक्ष रामधन यादव, ब्लाक अध्यक्ष श्रवण यादव ने राज यादव को उनके उपाध्यक्ष बनाए जाने का प्रमाण पत्र सौपा और पार्टी की मजबूती को लेकर पूरी तन्मयता से कार्य करने को कहा। राज यादव के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अनुसूचित जाति के प्रदेश सचिव सर्वेश पासी, पवन यादव, मो. आसिब, श्रीनाथ मौर्य, मुकेश यादव आदि ने खुशी जतायी है।

### बाइक व साइकिल की टक्कर में दो घायल, रेफर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थानान्तर्गत ओरी का पुरवा में शनिवार सुबह बाइक व साइकिल की हुई टक्कर में दो लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया गया। प्रयागराज जिले के मऊआइमा निवासी अशोक सरोज 30 शनिवार सुबह बाइक से रामनगर भोजपुर क्षेत्र में रिश्तेदार के यहां जा रहा था। उधर दूसरी ओर सांगीपुर थाना के विलियमगढ़ निवासी सफीक 50 साइकिल से सगरा सुंदरपुर बाजार दूध का विक्रय करने जा रहा था। ओरी का पुरवा के पास सुबह करीब आठ बजे बाइक व साइकिल में आमने सामने टक्कर हो गयी। जिससे दोनों बाइक व साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को लालगंज ट्रामा सेण्टर से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** इलाके के एक गांव की महिला के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीडिता ने आरोपी के खिलाफ शनिवार को कोतवाली में तहरीर दी है। गांव की महिला का आरोप है कि बीती शुक्रवार को सुबह वह अपने पुराने मकान से लकड़ी लेने गयी थी। वहां उसे अकेला पाकर गांव का एक व्यक्ति उसके साथ छेड़छाड करने लगा। पीडिता के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी के चंगुल से किसी तरह भागकर पीड़िता घर पहुंची। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के शाहबरी भीखीपुर गांव में शनिवार सुबह घर के अंदर कमरे में युवक का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। युवक की मौत की जानकारी होते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के शाहबरी भीखीपुर गांव के बीस वर्षीय अभय कुमार वर्मा पुत्र माताफेर वर्मा का शनिवार सुबह घर के अंदर कमरे में शव लटकता मिलने से कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का कहना है कि मृतक अभय रात में करीब आठ बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में दरवाजा अंदर से बंद करके सोने चला गया। सुबह करीब नौ बजे तक वह कमरे से बाहर नही आया तो उसके पिता उसे उठाने के लिए कमरे के पास गये। कई बार आवाज देने के बाद भी दरवाजा नही खुला। खिड़की से देखने पर कमरे के अंदर उसका शव लटकता देख वह चीख पड़े। चीखपुकार सुनकर घर व गांव के लोग भी इकटठा हो गये। मृतक दो भाईयों में छोटा था। उसकी शादी नहीं हुई थी। एसओ विवेक मिश्र का कहना है कि मृतक के पिता ने इत्तेफाकिया तहरीर दी है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह की जानकारी हो सकेगी।

# नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न

**❍ आज 27 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में आयोजित होगी परीक्षायें**



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नाति बोर्ड द्वारा आयोजित दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रथम दिन की परीक्षा जनपद में नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से हुई। पुलिस भर्ती परीक्षा को नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने हेतु आईजी प्रयागराज प्रेम गौतम, डीएम संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने संयुक्त रूप से डा जयमंगल सिंह प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान तथा हेमवती नन्दन बहुगुणा पीजी कालेज लालगंज का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान आईजी, डीएम एवं एसपी ने परीक्षा केन्द्रों, सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम आदि का गहनता से निरीक्षण किया तथा परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा अभ्यर्थियों से पूछताछ की गयी एवं उनके प्रवेश पत्र को देखा।

समस्त परीक्षा केन्द्रों की निगरानी हेतु पुलिस लाइन में बनाये गये सीसीटीवी कक्ष का आईजी, डीएम एवं एसपी द्वारा अवलोकन भी किया। इसके अतिरिक्त परीक्षा में लगाये गये सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगातार अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया। जनपद में पुलिस भर्ती परीक्षा हेतु 27 परीक्षा केन्द्र क्रमशः सन्त एन्थोनी इण्टर कालेज, पीबी इण्टर कालेज प्रतापगढ़ सिटी, केपी हिन्दु इण्टर कालेज, श्रीराम बालिका इण्टर कालेज चिलबिला, राजकीय इण्टर कालेज, डा जयमंगल सिंह प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी इण्टर कालेज कुसमी जहनईपुर, बीएसएस एकेडमी स्कूल फूलवारी, अजब नारायण इण्टर कालेज कोहड़ा, मार्डन साइन्स इण्टर कालेज जोगापुर सदर, एमडीपीजी कालेज, जगतपाल रंगनाथ द्विवेदी इण्टर कालेज कोहड़ौर, रामराज इण्टर कालेज, स्नातकोत्तर महाविद्यालय पटटी, राराकुइ का दिलीपुर, हेमवती नन्दन बहुगुणा पीजी कालेज, स्व भगवत प्रसाद स्मारक इण्टर कालेज तिलौरी, पीजी कालेज प्रतापगढ़ सिटी, अनन्त प्रसाद इण्टर कालेज भदोही, मालती इण्टर कालेज, बृजेन्द्रमणि इण्टर कालेज कोहड़ौर, भागवत दत्त बालिका महाविद्यालय लालगंज अझारा, गायत्री देवी बालिका इण्टर कालेज पूरेदुर्बन दिलीपपुर, राम नारायण इण्टर कालेज पट्टी, सुरेश चन्द्र मिश्र डिग्री कालेज बेल्हाघाट, आत्रेय एकेडमी फुलवारी एवं आद्या प्रसाद स्मारक इण्टर कालेज प्रतापगढ़ सिटी बनाये गये। जहां परीक्षायें दो पालियों प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक संचालित की गयी है। प्रथम पाली की परीक्षा में 13034 अभ्यर्थी उपस्थित हुये तथा 478 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाये गये। द्वितीय पाली की परीक्षा में 13009 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 503 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाये गये, इस प्रकार दोनो पालियों में 981 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जनपद में 18 फरवरी को भी 27 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षायें आयोजित होगी।

## विधायक विनय वर्मा ने 1 करोड़ 37 लाख 37 हजार के स्ट्रीट लाइट का बटन दबाकर किया उद्घाटन



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)।** शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा ने अंधेरे के सायें से निकालकर रौशनी में नहाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास किया है। शनिवार को शोहरतगढ नगर पंचायत मे स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे विधायक निधि से लगे स्ट्रीट लाइट का बटन दबाकर तथा फ़ीता काटकर विधायक ने लोकार्पण किया। एक करोड़ 37 लाख 37हजार रुपए की लागत से बने 19 लाइटों का शुभारंभ शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शोहरतगढ़ से विधायक द्वारा बटन दबाकर लोकार्पण के बाद संपन्न हो गया। इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डाक्टर सौरभ चतुर्वेदी, चीफ फार्मासिस्ट राजकमल तिवारी, डाक्टर राकेश मोर्या, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, सुरेंद्र पाल, दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी, रामसेवक गुप्ता, सतीश मित्तल, संतोष पोद्दार,व्यापार मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल, मनोज गुप्ता रामदास मौर्य, बिष्णु सिंह, प्रशान्त सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## नगरवासियों ने रामजानकी मंदिर में हाल शौचालय की विधायक से की मांग



**शोहरतगढ, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)।** शोहरतगढ नगर पंचायत मे स्थित राम जानकी मंदिर मे हाल व महिला पुरूष के लिए शौचालय की मांग शनिवार को विधायक विनय वर्मा से किया। राम जानकी मंदिर शोहरतगढ़ में मंदिर कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता की मांग पर, मंदिर परिसर में दो महिला बाथरूम, दो पुरुष बाथरूम, दो बड़े हॉल तथा एक किचन की मांग को लेकर विधायक विनय वर्मा ने नगर के लोगों से बातचीत किया तथा उन्हें आश्वस्त किया। साथ ही उक्त मांगों पर जल्द ही आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों से विधायक ने बात किया,जिससे मंदिर परिसर में आने वाली महिला श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत ना हो। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, सन्तोष पोद्दार, सतीश मित्तल, राम सेवक, नन्द प्रसाद गौड़, किशोरी लाल, मनोज गुप्ता, जय प्रकाश वर्मा,मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, संजय कसौधन, विकास पाण्डेय, उदय राम सैनी,दुर्गा पाण्डेय,जवाहर लाल, मनोज गुप्ता,दिलीप वर्मा, विष्णु, राजेश कुमार कान्दू , राम दास मौर्या के साथ नगर के तमाम लोगो की उपस्थिति रही।

## ऑनलाइन हाजिरी को लेकर शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन

**❍ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ डुमरियागंज इकाई के तत्वाधान में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए तमाम शिक्षक**



**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सिद्धार्थनगर के जिला मन्त्री/ब्लॉक अध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में शनिवार को बीआरसी डुमरियागंज के प्रांगण में शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन हाजिरी का विरोध किया गया। इस मौके पर राकेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह आदेश पूर्णतः अतार्किक और अव्यवहारिक है। जब तक शिक्षकों की सभी मांगें मान नहीं ली जाती हैं, हम किसी भी प्रकार के ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षकों के हितों के लिए हमेशा लड़ाई लड़ता रहा है। ऑनलाइन व्यवस्था द्वारा कार्य करने के निर्णय का तब तक समर्थन नहीं किया जाएगा। जब तक हमारी महत्वपूर्ण मांगे पूरी नहीं हो जाती है और विरोध प्रदर्शन का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी महत्वपूर्ण मांगों में समय से जनपद के अन्दर व बाहर स्थानांतरण, कैशलेश चिकित्सा, मानक के अनुसार शिक्षक, पुरानी पेंशन, सामूहिक बीमा, सीसीएल, मेडिकल, 30 अर्जित अवकाश, 14 अर्द्ध दिवसीय अवकाश, राज्य कर्मचारियों के समान निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, अनहोनी या मृत्यु होने पर शिक्षकों के परिवारों को आश्रित नौकरी व एक करोड़ रुपए का मुआवजा, वरिष्ठता सूची के आधार पर समय से प्रमोशन, शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्ति, अवकाश के दिनों में लिए जाने वाले कार्यों के बाद अतिरिक्त अवकाश दिए जाने की व्यवस्था लागू किया जाए। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी मनोज द्विवेदी, शेष राम यादव, इश्तियाक अहमद, राम सिंह पाल, रमेश कुमार यादव, दिलीप शर्मा, रविन्द्र निगम, चंद्र भूषण दूबे, विवेक द्विवेदी, राजेश त्रिपाठी, राम नरायन दूबे, मुशीर अहमद, अमृत लाल, आनन्द मिश्रा, रुखसार आदि लोग उपस्थित रहे।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, प्रतापगढ़**

**ई-निविदा सूचना**

अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें दो भागों में आन-लाईन आमंत्रित की जाती है, आनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in पर दिनांक 19.03.2024 को अपरान्ह 16.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है एवं जिसके खुलने की तिथि 20.03.2024 को अपरान्ह 13.00 बजे निर्धारित है। निविदा के प्रथम भाग में निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर धनराशि, जो कि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 द्वारा (निविदा प्रकाशित होने की तिथि के बाद का ही आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 की गयी धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क मान्य होगी) अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, प्रतापगढ़ के बैंक खाता संख्या 1869005500020112 (IFSC Code - PUNB0186900, Punjab National Bank, 77/2, Station Road, Pratapgarh) में दिनांक 18.03.2024 को अपरान्ह 16:00 बजे तक ही जमा की जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथायोज्य यू0टी0आर0 संख्या पे-इन-स्लिप की मूलप्रति (इश्यू बैंक के कन्फर्मेशन मेल की प्रति) ई-निविदा प्रपत्रों के साथ ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, एवं सम्बन्धित बैंक से पुष्टि तथा निविदा के प्रथम भाग की शर्तों के पूर्ण होने के उपरान्त ही निविदा का द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी। **कार्य का विवरण :-** ई-निविदा संख्या 29/वि0वि0मं0प्रता0/2023-24 सेमी टर्नकी आधार पर विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, प्रतापगढ़ के क्षेत्रान्तर्गत पूर्ण जमा योजना में स्वीकृत कार्य। निविदा शुल्क : रू0 1180.00 (1000+180 जी0एस0टी0) मात्र। धरोहर धनराशि : रू0 10000.00 (रू0 दस हजार) मात्र। ई-निविदा संख्या 30/वि0वि0मं0प्रता0/2023-24 सेमी टर्नकी आधार पर विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय कुण्डा, प्रतापगढ़ के अन्तर्गत पूर्ण जमा योजना में स्वीकृत कार्य। निविदा शुल्क : रू0 1180.00 (1000+180 जी0एस0 टी0) मात्र। धरोहर धनराशि : रू0 10000.00 (रू0 दस हजार) मात्र। ई-निविदा संख्या 31/वि0वि0मं0प्रता0/2023-24 सेमी टर्नकी आधार पर विद्युत वितरण खण्ड-लालगंज, प्रतापगढ़ के अन्तर्गत पूर्ण जमा योजना में स्वीकृत कार्य। निविदा शुल्क : रू0 1180.00 (1000+180 जी0एस0 टी0) मात्र। धरोहर धनराशि : रू0 10000.00 (रू0 दस हजार) मात्र। ई-निविदा संख्या 32/वि0वि0मं0प्रता0/2023-24 सेमी टर्नकी आधार पर विद्युत वितरण खण्ड-रानीगंज, प्रतापगढ़ के अन्तर्गत पूर्ण जमा योजना में स्वीकृत कार्य। निविदा शुल्क : रू0 1180.00 (1000+180 जी0एस0 टी0) मात्र। धरोहर धनराशि : रू0 10000.00 (रू0 दस हजार) मात्र। **नोट :** निविदा में प्रतिभाग करने हेतु नियम एवं शर्तों, विस्तृत जानकारी, डाउनलोड अन्य संशोधनों एवं निविदा प्रस्तुत करने के तिथि तक विस्तार आदि के सम्बन्ध में कृपया http://etender.up.nic.in पर लाग आन करें। **नियम व शर्तें :** 1. कार्य एक या कई फर्मों को आवंटित किया जा सकता है। 2. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 3. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 4. निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश या अन्य कारणों से कार्यालय बन्द होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस जिसमें कार्यालय खुला होगा, खोली जाएगी। 5. निविदादाताओं द्वारा निविदा के प्रथम भाग में संलग्न समस्त प्रपत्रों पर निविदादाता द्वारा स्वः हस्ताक्षरित (मोहर सहित) करना अनिवार्य होगा।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत वितरण मण्डल, प्रतापगढ़**
**पत्रांक :548/वि.वि.मं.प्रता./ सा. अनु. /टी.-3, दिनांक : 17.02.2024**
**'राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें'**


### बार एसोसिएशन ने मोहम्मदी को जिला बनाने की उठाई आवाज

**मोहम्मदी -खीरी, (स्पष्ट आवाज)।** बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने लंबे समय से जिला बनाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करते चले आ रहे हैं।उनकी मांग को गंभीरता से न लेने पर एक बार फिर दर्जा राज्य मंत्री को अपने किए गए वादे की याद दिलाते हुए प्रदर्शन कर मांग तेज कर दी है। मालूम हो कि दर्जा राज्य मंत्री के पहली बार चुनाव प्रचार के दौरान वर्तमान मुख्यमंत्री द्वारा जिला बनाए जाने की आश्वासन दिए जाने पर अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर समर्थन किया था।जिसके बाद विधायक बनने पर अधिवक्ताओं ने अपने किए गए वादे को याद दिलाते हुए अमल करने की बात कही है।लगातार अपनी मांग को लेकर कई वर्षो से अधिवक्ता शांति पूर्वकआंदोलन को चलाते आ रहे हैं।जिसके चलते अध्यक्ष प्रद्युम्न मिश्रा के नेतृत्व में प्रत्येक शनिवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर अपनी मांग मनवाने को लेकर आंदोलित है। लोकेंद्र प्रताप सिंह का कहना है। वह स्वयं अधिवक्ता है उन्हें दर्द पता है।जिला बनाए जाने को लेकर लगातार प्रयासरत हैं।

## सरस्वती पूजा कार्यक्रम में उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़



**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम भानपुर रानी में बसंत पंचमी के दिन से चल रहे पांच दिवसीय मां सरस्वती पूजन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। उक्त गाँव में सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन पहली बार किया गया है। जिसका 18 फरवरी को पूजन व हवन के बाद समापन होगा। भानपुर रानी गाँव में प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा, महाशिवरात्रि, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, लक्ष्मी पूजा, भगवती जागरण, यज्ञ आदि धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। लेकिन मां सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन पहली बार होने से ग्रामीण काफी प्रसन्न और उत्साहित हैं। जबकि शुक्रवार की रात कथावाचक पंडित पुजारी प्रसाद दूबे ने मां सरस्वती के महिमा के बारे में लोगों को विस्तार से बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिसे भी विद्या एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है, वह बहुत ही खुशनसीब होता है।

उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में कुछ समय धार्मिक कार्यों में भी देना चाहिए, जिससे मन को शांति मिले। उन्होंने लोगों से यह भी कहा कि जब तक हम अपने हृदय में परिवर्तन नहीं लायेंगे तब तक आस्था और विश्वास की डोर कमजोर रहेगी। इस मौके पर अमन-चैन कमेटी अध्यक्ष ओम प्रकाश श्रीवास्तव, शिव कुमार रावत, परमेश्वर विश्वकर्मा, संचित प्रजापति, सुभाष सैनी, लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार प्रजापति, कल्पनारायण अग्रहरि, रमेश पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

### डीएम ने लोक निर्माण विभाग से मांगा कार्य का विवरण



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)।** शनिवार विधानसभा क्षेत्र मे लोक निर्माण विभाग से हुये कार्यो की जानकारी न होने पर विधायक विनय वर्मा ने नाराजगी जताई थी।जिस पर जिलाधिकारी ने इंडो नेपाल समेत लोनिवि के सभी खंडों के अधिशासी अभियंता को पत्र जारी कर विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ से संबंधित वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में कराये गये कार्यो से संबंधित संपूर्ण विवरण को जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कुछ दिन पहले विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने आरोप लगाया था कि लोनिवि द्वारा विधानसभा क्षेत्र में जो भी विकास कार्य कराए गए हैं उनके शिलान्यास, भूमि पूजन तथा उद्घाटन की सूचनाओं उन्हें नहीं दी जाती हैं।

### सकुशल ढंग से संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)।** पीपुल्स इंटर कॉलेज डुमरियागंज में शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल ढंग से संपन्न हो गयी। परीक्षा के दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्र पर एसडीएम डुमरियागंज डॉ. संजीव दीक्षित, सीओ अखिलेश वर्मा तथा थानाध्यक्ष मुकेश राय पुलिस फोर्स के साथ उपस्थित रहे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के गेट पर गहन तलाशी, बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन के बाद ही अंदर प्रवेश करने दिया गया। पीपुलस इंटर कॉलेज डुमरियागंज परीक्षा केंद्र पर शनिवार को प्रथम पाली में 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यहां पर कुल पंजीकृत 432 परीक्षार्थियों में से 404 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा में 432 छात्र-छात्राओं में से 396 विद्यार्थियों ने ही परीक्षा दी तथा 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट/ एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा शनिवार को सकुशल दोनों पालियो में संपन्न हो गयी।

# मुठभेड़ में चोरी के आरोपित के पैर में लगी गोली



**सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज़)।** उसका बाजार थाना के अंतर्गत पकड़ी चौराहे के पास बीती रात मुठभेड़ हो गया।बीती रात को पुलिस एसओजी की संयुक्त टीम की चोरों के साथ हुई मुठभेड़ में एक अपराधी के पैर में गोली लगी है जबकि दूसरा पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा।

मुठभेड़ में घायल अपराधी का नाम वसीम है और वह जनपद मुख्यालय के काशीराम आवास का निवासी है। घटना को लेकर पुलिस कप्तान प्राची सिंह ने बताया कि बीती रात सिद्धार्थनगर पुलिस और एसओजी को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ शातिर किस्म के लोग पकड़ी चौराहे के आगे इकट्ठा है और किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है इस सूचना पर एसओजी और सिद्धार्थनगर पुलिस ने पकड़ी चौराहे के पास घेराबंदी की जहां उन्हें एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग आते हुए दिखाई दिए पुलिस ने जब उन्हें रोकने की कोशिश की तो भागने लगे और पुलिस पर फायर झोंक दिया जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और एक अपराधी के पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा जिसको गिरफ्तार कर लिया गया जबकि उसका दूसरा साथी मोटरसाइकिल लेकर भागने में सफल रहा है।पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि घायल अपराधी का नाम वसीम है जिसकी उम्र 24 साल है और वह सिद्धार्थनगर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पूर्व में हुई कई चोरियों में वांछित था पुलिस ने उसके पास से चोरी किए हुए कुछ सामान के साथ-साथ एक कट्ठा कारतूस और ताला तोड़ने के औजार भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि मौके से फरार वसीम के साथी को भी पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लेगी उसको लेकर कई टीमें बनाई गई है।

### ऐतिहासिक सफलता रचेगी राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्राः प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्य सभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी ने राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को देश के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा को लेकर ऐतिहासिक करार दिया है। शनिवार को रामपुर खास के दौरे पर आये विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने उन्नीस फरवरी को यहां आ रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर सांगीपुर तथा लालगंज में कार्यकर्ताओं के साथ तैयारियों की समीक्षा की। यात्रा को लेकर लालगंज क्षेत्र के धधुआ गाजन, पूरे तिलकराम, भवराम बोझी, खेंमसरी तथा अमावां व सांगीपुर में लोगों का अपने दौरे में भारी उत्साह देख प्रमोद तिवारी कार्यक्रम की सफलता को लेकर आश्वस्त दिखे। सांगीपुर के गांधी इण्टर कालेज में यात्रा के विश्राम की तैयारियों का प्रमोद ने बिंदुवार तैयारियों का आकलन किया।

## अपर जिला जज ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार अपर जिला जज /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने जिला कारागार का निरीक्षण किया एवं बंदीजन को विधिक जानकारी देते हुए जागरूक किया। प्रभारी अधीक्षक /जेलर अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिला कारागार में कुल 980 बंदी निरुद्ध है जिसमें 898 पुरुष, 40 महिला तथा 42 किशोर बन्दी शामिल हैं। विचाराधीन महिला बंदियों के साथ 7 बच्चे रह रहे हैं। सबसे छोटी बच्ची 02 माह की बताई गई जिसका नाम रागिनी है। महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों का चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कारागार में कौशल विकास मिशन केन्द्र, पुस्तकालय, महिला बैरिक और बाल चक्र, पाकशाला, लीगल एड क्लीनिक, वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम सहित बैरकों तथा जेल परिसर की साफ सफाई, बन्दियों से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर लॉ कॉलेज के छात्र छात्राओं को जिला कारागार का भ्रमण किया उन्हें विधिक रूप से जागरूक किए जाने की मांग जेल अधिकारी ने दी। बंदियों से मिलकर उनके विचाराधीन फौजदारी मुकदमों और अपीलों के स्टेटस सम्बन्धी आवश्यक जानकारी ली, जिससे उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क विधिक सहायता दिलाई जा सके। इस अवसर पर जेल विजिटर विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एड ने बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता व प्ली बार्गेनिग्ग के बारे में जागरूक किया। जेल विजिटर ने बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास मुकदमें एवं अपीलों आदि की पैरवी हेतु निजी अधिवक्ता न हों तो ऐसे लोग प्रार्थना पत्र के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता की माँग कर सकते हैं।

# पहले दिन की पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**❍ 8 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुई पुलिस भर्ती परीक्षा**



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रथम दिन की परीक्षा जनपद में नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने संयुक्त रुप से परीक्षा केंद्र इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज तथा शिव महेश इंटर कॉलेज गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम व एसपी ने परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी कंट्रोल रूम आदि का गहनता से निरीक्षण किया तथा परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अतिरिक्त परीक्षा में लगाए गए सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगातार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया। बताते चलें कि पुलिस भर्ती परीक्षा जनपद के आठ परीक्षा केंद्रों क्रमशः राजीव गांधी पॉलिटेक्निक, मंगलम महिला विद्यालय, इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज, शिव महेश गर्ल्स इंटर कॉलेज, मनीषी महाविद्यालय, अग्रसेन गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजर्षि रणजंय सिंह असल देव कॉलेज, आरआर पीजी कॉलेज में दो पालियों में परीक्षा आयोजित हुई जिसमें 7584 अभ्यर्थियों में से 7330 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 254 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। 18 फरवरी को भी उपरोक्त परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी जिसमें 7584 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।

### डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा

**लखीमपुर -खीरी,(स्पष्ट आवाज)।** जनपद खीरी में उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 35 परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को दो सत्रों में सख्त पहरे में यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा संपन्न हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर के साथ कड़े इंतजाम रहे। परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम सत्र में 14856 एवं द्वितीय सत्र में 14825 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी, एडीएम समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणसील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (डॉन बॉस्को स्कूल, अब्दुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, गोमती इंटर कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए।


## कार्यालय जिला पंचायत, मीरजापुर

**पत्रांक : 1022/जि0पं0 मी0/2023-2024/खनिज परिवहन शुल्क ई निविदा दिनॉक : 17/02/2024**

जिला पंचायत मीरजापुर सरकारी गजट के अनुरूप जनपद मीरजापुर के ग्रामीण क्षेत्र में पाषाण खनिज परिवहन करने वाले शक्ति चालित वाहनों से पूर्व निर्धारित चेक बिन्दुओं पर खनिज परिवहन शुल्क वसूली कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 दि0 01.04.2024 से 31.03.2025 तक के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गयी है। शासनादेशानुसार विगत तीन वर्ष औसत आय पर 15 प्रतिशत की वृद्धि पर आयी धनराशि 12650000.00 (एक करोड़ छब्बीस लाख पचास हजार रू0 मात्र) न्यूनतम मानक निविदा निर्धारित है। निविदा फार्म निर्धारित शुल्क (20000+3600 जी0एस0टी0) सहित एवं जमानत धनराशि मु0 2500000.00 रू0 का बैंक ड्राफ अपर मुख्य अधिकारी के पदनाम से जमा कराये जाने हेतु एवं दिनांक 24.02.2024 को समय 10.00 बजे से दिनॉक 02.03.2024 को 5.00 बजे तक ई-टेण्डरिंग के पोर्टल htt://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है उक्त निविदा अपलोड की जा सकती है। दिनांक 04.03.2024 को सुबह 10.00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कार्यालय जिला पंचायत मीरजापुर में खोली जायेगी उपरोक्त ई-टेण्डर के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी htt://www.mirzapur.nic.in तथा जिला पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस से प्राप्त की जा सकती है।

| (शोभा राम वर्मा) | (उपेन्द्र कुमार) | (राजू कन्नौजिया) |
|---|---|---|
| अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत, मीरजापुर | जिला पंचायत, मीरजापुर | जिला पंचायत, मीरजापुर |

# 54 केंद्रों पर आयोजित की गई पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा




मुरादाबाद। मुरादाबाद महानगर में 17 और 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है जिसमें षनिवार की सुबह से ही सभी परीक्षा केन्द्रो के बाहर भारी पुलिस फोर्स तैनात रही।
कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा महानगर के 54 परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित की गई। बताते चले कि षनिवार की पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर सुबह से ही महानगर में भारी पुलिस फोर्स गष्त करती नजर आई महानगर में परीक्षा के लिये 54 केन्द्र बनाये गये है जहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही।

परीक्षा देने आये परीक्षार्थियों की पहले तो चैकिंग की गई उसके बाद ही उन्हे परीक्षा में प्रवेष् दिया गया। मुरादाबाद जनपद में 2 दिन तक परीक्षा में 100000 से अधिक परीक्षार्थियों भाग ले रहे हैं पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर पुलिस प्रषासन द्वारा कड़े इन्तेजाम किये गये है वहीं सुरक्षा व्यवस्था के साथ यातायात सुचारू रूप से चले उसके लिए महानगर में व्यवस्थाएं की गई है।

## विशाल का पेड़ पर लटका मिला शव

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) चान्दपुर क्षेत्र के दत्तायाना रोड की और बूढ़ा वाला बाग में एक आम के पेड़ पर लटकी हुई लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई । ग्राम सुदनीपुर के रहने वाले विशाल पुत्र महीपाल उम्र करीब 24 वर्ष का शव दत्तायाना रोड़ पर बूढ़ा वाला बाग़ में एक आम के पेड़ पर लटका हुआ मिला, लाश से लगभग पचास कदम दूरी पर एक शराब की खाली बोतल, कुछ खाली गिलास और उसके जूते पड़े हुए थे । सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि विशाल अपने कई कई दिन के बाद अपने घर जाता था । पुलिस शव मिलने की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है । मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है । पुलिस का कहना है कि शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही कुछ कहां जा सकता है । परिजन इसे हत्या किया जाना मान रहे है। शव के निकट शराब की खाली बोतल , गिलास मिलने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है कुछ लोग किन्हीं परिचितों द्वारा हत्या किया जाना मानकर चल रहे है बाकी सही तथ्य पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट हो सकेंगे ।

# डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी ने प्रथम पाली में उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर सीसीटीवी रूमों, कन्ट्रोल रूम व सहित अन्य व्यवस्थाओं की जांच की गई। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने आज जनपद में सम्पन्न कराई जा रही उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के दौरान प्रथम पाली में वीरांगना अवन्तीबाई बालिक इण्टर कालेज, ज्ञान इण्टरनेशनल स्कूल व पुष्प कालेज का निरीक्षण किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने द्वितीय पाली में हाफिज रहमत खॉ लॉ डिग्री कालेज, हाफिज रहमत खॉ इण्टर कालेज, सिद्दीक नेशनल इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज एवं सनातन धर्म बांके बिहारी राम इण्टर कालेज के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, कन्ट्रोल रूम व अन्य व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट को कड़े निर्देश दिये गये कि परीक्षा के दौरान नियमित कक्षों का भ्रमण करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उच्चाधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जाये। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक उपस्थित रहे।

## अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के अभियान में एक गिरफ्तार



पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। क्षेत्र में अपराधों एवं अवैध शस्त्र आदि संबधित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने को प्रभारी निरीक्षक द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत अभियुक्तों की धर पकड़ जारी है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि सी0ओ0 आलोक सिंह के कुशल नेतृत्व व निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर कोतवाल प्रवीण कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार हे0का0 रणजीत सिंह का0 बलजीत सिंह राजू वर्मा द्वारा ग्राम शेरपुर निवासी अभियुक्त अजीम पुत्र यासीन 315 बोर तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया तथा धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत मामला दर्जकर जेल भेजा गया प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि अभियुक्त अजीम पुत्र यासीन पर गौवध अधिनियम व शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत पूर्व में कोतवाली में आधा दर्जन मामले दर्ज है और अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है कोतवाली पुलिस की उक्त कार्यवाही से अवैध शस्त्र रखने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## आरक्षी भर्ती परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद, एक संदिग्ध गिरफ्तार

बलिया। पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन मुस्तैद ,एक संदिग्ध गिरफ्तार। बताया जाता है कि जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर लगभग 76 000 अभ्यर्थी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। परीक्षा को सुचिता पूर्ण व पारदर्शी ढंग से कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पहले से तैयारी पूर्ण कर ली गई है। बीते 16 फरवरी को ही जिलाधिकारी रविंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस करके अभ्यर्थियों को एवं जन सामान्य को आगाह किया कि किसी भी दलाल या ठग के चक्कर में न पड़े। साथ ही घोषणा किया कि जो भी व्यक्ति परीक्षा की सुचिता में सेंध लगाने वाले किसी संदिग्ध व्यक्ति के संबंध में सूचना देगा तो सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखते हुए उसे 5000 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा । इसी क्रम में पुलिस को रसड़ा थाना अंतर्गत सलीम नाम के एक संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिली। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया ।उसके पास से कई अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र सहित अन्य फर्जी कागजात व दूसरे भर्तियों के भी संदिग्ध कागजात पाए गए। जिसका मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। सुचिता के क्रम में सभी फोटो स्टेट की दुकानों को परीक्षा के दिन दिनांक 17 व 18 फरवरी को पूर्ण रूप से बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है।

## अनाथ बच्चों के साथ जन्मदिन मना कर बांटे उपहार



बदायूं (स्पष्ट आवाज़)।अनाथ बच्चों के साथ अपने बच्चे का जन्मदिन मनाने पहुंचे माता-पिता द्वारा अनाथ बच्चों के साथ बर्थडे केक काट कर एवं उनको उपहार देकर उनका मनोबल बढ़ाने का प्रेरणादायक कार्य किया है।
युवा मंच संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को एसके फील्ड के आनंद मार्ग पर स्थित कटोरी देवी पब्लिक स्कूल के अनाथ बच्चों के साथ शहर निवासी विहान साहू के माता-पिता नितेश साहू एवं परिजनों द्वारा विहान के जन्मदिन के अवसर पर अनाथ बच्चों के साथ विहान के जन्मदिन का केक काटकर उसका जन्मदिन मनाया है।उन्होंने बताया कि यहां पढ़ रहे पवन,सैनिक,रोली, जूली, वंश, हर्षित, भानु, प्रशांत, अंकित, आलोक, ज्योति, पिंकी, केशव, कुलदीप, आशु, प्रियांशु आदि बच्चों को विहान के परिवार की ओर से जन्मदिन के इस अवसर पर उपहार स्वरूप ज्योमेट्री बॉक्स चॉकलेट इत्यादि भेंट किए गए है।उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी का जन्मदिन हो तो वह कोशिश करें कि अपना जन्मदिन ऐसे लोगों के साथ मनाए जिनका कोई नहीं है।

## आपदाओं से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन द्वारा बचाव हेतु दिया गया प्रशिक्षण

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर के निर्देश पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित विभिन्न आपदाओं पर जनसामान्य को आपदाओं से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, अम्बेडकर नगर के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल/डिग्री कॉलेज एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आपदा जन-जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 12 फरवरी से प्रारम्भ हुआ जनजागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 19 फरवरी तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथा दिन दिनांक 16.2.2024 को प्रेक्षागृह लोहिया भवन अम्बेडकर नगर में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को तथा आशा बहू, ग्राम पंचायत अधिकारी (सचिव) पंचायत सहायक, ग्राम प्रतिनिधि,कुल 1000 लोगों को प्रशिक्षित किया गया मास्टर ट्रेनरों द्वारा आपदा प्रबंधन चक्र, भारत में आपदा प्रबंधन का तंत्र, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, आकाशीय विद्युत, डूबना, अग्निकांड बाढ़, शीतलहर लू सर्पदंश, आधी तूफान, भूकम्प, सूकम्प, ओलावृष्टि आदि विभिन्न आपदाओं के समय में क्या करें क्या ना करे के सम्बन्ध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों द्वारा शिक्षकों को सचेत ऐप और दामिनी ऐप के सम्बन्ध में बताया और उनके मोबाइल में इंस्टॉल भी कराया। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), के द्वारा निर्देशित किया गया है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद इसी तरह से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अपने-अपने स्कूल के बच्चों व आप-पास के लोगों तथा तहसीलों व ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कर सभी वर्ग/समुदाय को प्रशिक्षित करते हुए आपदा की स्थिति में बचाव, सुरक्षा आदि उपायों की जानकारी देते हुए जागरूक किया जाये, जिससे की लोग आपदाओं के प्रभावों को समझे और उससे बचने के तरीकों को अपने जीवन में उतार सके और सरकार की योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा तक पहुँचे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्षिकाओं, आदि उपस्थित प्रतिभागी को प्रशिक्षण प्राप्त करने पर बल दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के डॉ सुल्तान अहमद द्वारा आपदा के समय प्रभावित व्यक्ति को प्राथमिक उपचार कैसे दिया जाता है और सी.पी.आर आदि के बारे प्रेक्टिकल करके डिमोंस्ट्रेट किया गया। इसके अगले चरण में सचिन शर्मा प्रभारी अधिकारी अग्निशमन द्वारा विभिन्न प्रकार की आग से होने वाली आपदाओं के बारे में और उस पर काबू करने के लिए क्या करें क्या न करें के बारे में बताया साथ ही सिलेंडर की आग को घरेलू नुस्खे से कैसे बुझाए जा सकता है इसके बारे में भी प्रेक्टिकल डेमोंसट्रेशन करके बताया। उक्त कार्यक्रम में जनपद के आपदा विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम समन्वयक सूर्यभान द्वारा जनपद की प्रमुख आपदा वज्रपात, सर्प दश बाढ़, भूकंप, शीतलहर एवं अन्य आपदाओं में क्या करें क्या ना करें के विषय पर विस्तृत चर्चा कर उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को अवगत कराते हुए जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा विशेषज्ञ सूर्यभान, मास्टर ट्रेनर राहुल प्रजापति, मास्टर ट्रेनर अनूप मिश्रा, सौरभ यादव अनूप वर्मा, आपदा लिपिक अविनाश कुमार वर्मा, सौरभ यादव, ऋषि कपूर आदि उपस्थित रहे।


# कार्यालय, नगर पालिका परिषद मंझनपुर, जनपद कौशाम्बी

**संख्या : 71/न0पा0परि0मं0/निविदा सूचना/2024** **दिनांक : 16 फरवरी, 2024**

## निविदा सूचना

स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के अन्तर्गत आने वाले सभी शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग मद में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष **अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद मंझनपुर** के द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यो हेतु निविदा दिनांक 17.02.2024 पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 28.02.2024 अपरान्ह 02:30 बजे तक न.पा.परि. मंझनपुर कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा सील बन्द लिफाफे में कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में डाली जायेगी। प्राप्त निविदा लिफाफा को दिनांक 28.02.2024 अपरान्ह 03.00 बजे कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं/निविदा कमेटी के समक्ष खोला जायेगा, निविदा में सम्मिलित कार्यो का विस्तृत विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | निर्माण कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (रू0 में) | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी. 10%) (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड नम्बर 01 अम्बेडकर नगर मजरा गांधी नगर में रामविशाल के घर से जितेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग व दोनो तरफ आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 823983.00 | 82398.00 | 972.00 | 01 माह |
| 2 | वार्ड नम्बर 01 अम्बेडकर नगर मजरा गांधी नगर में हरिशंकर के घर से सुधा के घर तक इण्टरलाकिंग व दोनो तरफ आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 846169.00 | 84617.00 | 998.00 | 01 माह |
| 3 | वार्ड नम्बर 01 अम्बेडकर नगर मजरा भक्तन का पुरवा में बासदेव के घर से रामभवन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 700895.00 | 70090.00 | 827.00 | 01 माह |
| 4 | वार्ड नम्बर 01 अम्बेडकर नगर मजरा गांधी नगर में सामुदायिक भवन से विजय शंकर के घर तक इण्टरलाकिंग व आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 451624.00 | 45162.00 | 533.00 | 01 माह |
| 5 | वार्ड नम्बर 02 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम नगर मजरा हजरतगंज में पुरानी हवेली के पीछे ट्रांसफार्मर से पोल्ला के घर तक इण्टरलाकिंग व आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 805385.00 | 80539.00 | 950.00 | 01 माह |
| 6 | वार्ड नम्बर 02 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम नगर मजरा हजरतगंज में शंकर के घर से जगरूप गौतम के घर तक इण्टरलाकिंग व दोनो तरफ आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 319476.00 | 31948.00 | 377.00 | 01 माह |
| 7 | वार्ड नम्बर 03 चौधरी बैजनाथ नगर मजरा नेहरू नगर में महेश केसरवानी के घर से धीरज सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग व दोनो तरफ आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 818242.00 | 81824.00 | 966.00 | 01 माह |
| 8 | वार्ड नम्बर 03 चौधरी बैजनाथ नगर मजरा नेहरू नगर में नितिन केसरवानी के घर से आकांक्षा अग्रहरी के घर तक इण्टरलाकिंग व दोनो तरफआर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 801854.00 | 80185.00 | 946.00 | 01 माह |
| 9 | वार्ड नम्बर 05 सरदार पटेल नगर मजरा बरईन का पूरा में अशोक कुमार निर्मल के घर से अरूण पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग व आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 510070.00 | 51007.00 | 602.00 | 01 माह |
| 10 | वार्ड नम्बर 06 डा0 हेडगेवार नगर मजरा तन्ना पर में धाता मेन रोड से रमेश के घर तक इण्टरलाकिंग व आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 680945.00 | 68095.00 | 804.00 | 01 माह |
| 11 | वार्ड नम्बर 06 डा0 हेडगेवार नगर मजरा नया नगर प्रथम में कुशल सिंह के घर से पुलिया तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 173466.00 | 17347.00 | 295.00 | 01 माह |
| 12 | वार्ड नम्बर 08 महात्मा गांधी नगर मजरा चकनगर द्वितीय में सुरेन्द्र मिश्रा के घर से बच्छराज के घर तक इण्टरलाकिंग व आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य। | 386488.00 | 38649.00 | 456.00 | 01 माह |
| 13 | वार्ड नम्बर 09 उधोश्याम नगर मजरा नया नगर द्वितीय में धाता मेन रोड से जहागीर स्कूल तक इण्टरलाकिंग व आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 583410.00 | 58341.00 | 688.00 | 01 माह |
| 14 | वार्ड नम्बर 09 उधोश्याम नगर मजरा नया नगर द्वितीय में सुदामा के घर से गिरधारी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 511446.00 | 51145.00 | 604.00 | 01 माह |
| 15 | वार्ड नम्बर 12 शहीद सोहन लाल नगर मजरा समदा मंझनपुर मार्ग से शहाना के घर होते हुए अफसार के घर तक इण्टरलाकिंग व आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य। | 686145.00 | 68615.00 | 810.00 | 01 माह |
| 16 | वार्ड नम्बर 13 अटल बिहारी बाजपेयी नगर मजरा समदा पसियाना बस्ती में रामधनी रज के घर से दुखरन के घर तक इण्टरलाकिंग व आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 704286.00 | 70429.00 | 831.00 | 01 माह |
| 17 | वार्ड नम्बर 19 रत्नावली पुरम मजरा बंधवारजबर में रामसुमेर के घर से मूल चन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग व दोनों तरफ आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 455672.00 | 45567.00 | 538.00 | 01 माह |
| 18 | वार्ड नम्बर 21 सावित्री बाई फुले नगर मजरा चकबाजापुर आगा हसन के घर से तालाब तक इण्टरलाकिंग व दोनो तरफ आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 843929.00 | 84393.00 | 996.00 | 01 माह |
| 19 | वार्ड नम्बर 23 पण्डित दीन दयाल उपाध्या नगर मजरा मवई केवट में हनुमान मन्दिर से मो0 हनीफ के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 535278.00 | 53528.00 | 632.00 | 01 माह |
| 20 | वार्ड नम्बर 23 पण्डित दीन दयाल उपाध्या नगर मजरा मवई केवट में सहीद अहमद के घर से नफीस के घर होते हुए मो0 जलील के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 845994.00 | 84599.00 | 998.00 | 01 माह |
| 21 | वार्ड नम्बर 25 संत रविदास नगर मजरा कोडर में महेवा सम्पर्क मार्ग से देशराज सरोज के घर तक इण्टरलाकिंग व आर.सी.सी नाली निर्माण कार्य। | 701955.00 | 70196.00 | 828.00 | 01 माह |
| 22 | वार्ड नम्बर 25 संत रविदास नगर मजरा ओसा आंशिक भाग में करारी मेन रोड से जनक दुलारी डिग्री कॉलेज तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 346304.00 | 34630.00 | 409.00 | 01 माह |
| 23 | नवीन कार्यालय के मेन गेट में पुट्टी व पेंन्टिग का कार्य। | 217290.00 | 21729.00 | 256.00 | 01 माह |
| 24 | नवीन कार्यालय में पार्क के चारो तरफ सिचाई हेतु 63 एम.एम. एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन विस्तार एवं डीवाईडर का कार्य। | 622499.00 | 62250.00 | 735.00 | 01 माह |
| 25 | नवीन कार्यालय में दुकान के सामने इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 237135.00 | 23714.00 | 280.00 | 01 माह |
| 26 | नवीन कार्यालय से स्टोर रूम तक 63 एम.एम.एच.डी.पी.ई. पाईप लाइन के अंदर विद्युत वायर डालने का कार्य। | 102680.00 | 10268.00 | 295.00 | 01 माह |
| 27 | नगर पालिका कार्यालय में पब्लिक के वाहनो के सुरक्षा हेतु टेनसाइल स्ट्रक्चर शेड कार्य। | 686353.00 | 68635.00 | 810.00 | 01 माह |
| 28 | घना के पूरा में सामुदायिक भवन में पार्किंग व टाईलीकरण कार्य। | 451312.00 | 45131.00 | 533.00 | 01 माह |

**नियम/शर्तें:-**

1. निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी शासकीय विभाग में पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र के मूल प्रति के साथ ही ठेकेदार/फर्म के द्वारा अपना अद्यतन वैध चरित्र प्रमाण पत्र (T-4), हैसियत प्रमाण पत्र (T-5), निर्धारित मूल्य (रू0 100) के एकल न्यायिक स्टॉम्प पेपर पर कार्य के नाम के स्पष्ट उल्लेख के साथ घोषणा पत्र (T-6), GST रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, श्रम विभाग में पंजीकृत होने के प्रमाण पत्र, निर्धारित मूल्य (रू0 10) के एकल गैर-न्यायिक स्टॉम्प पर निविदादाता का न तो कोई अपराधिक रिकार्ड है और न ही किसी गैर सरकारी संस्था में पंजिकृत है, विषयक शपथ पत्र की मूल प्रति स्पष्ट रूप से पठनीय हो, सील बन्द लिफाफे में कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य।
2. निविदा शुल्क की धनराशि पंजाब नेशनल बैंक शाखा मंझनपुर IFSC कोड PUNB0486900 खाता संख्या 4869000100057833 जो NPP Manjhanpur Tender Fees/Security के नाम से खुले बैंक खाता में जमा पर्ची या कार्यालय नगर पालिका परिषद मंझनपुर में नकद जमा कर जमा पर्ची निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिर्वाय होगा, तभी निविदा मान्य होगी।
3. निविदा प्रपत्र के साथ 10% जमानत धनराशि का FDR जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मंझनपुर, कौशाम्बी के पदनाम से बन्धक हो, को मूल रूप में जमा करना अनिवार्य होगा, अंयथा सम्बन्धित कार्य की तकनीकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। यह भी किसी भी कार्य की निविदा के साथ संलग्न जमानत धनराशि की FDR की प्रति मात्र एक कार्य की निविदा में ही मान्य होगी अर्थात जमानत धनराशि के FDR में उल्लिखित धनराशि अधिक होने पर भी उपरोक्त जमानत धनराशि का FDR किसी अन्य कार्य की निविदा में मान्य नही होगी। अन्यथा की स्थिति में निदेशक महोदय, स्थानीय निकाय निदेशालय के शासनादेश संख्या 496/कम्प्यू0सेल/2017-18 लखनऊ दिनांक 11 जनवरी, 2019 के अनुरूप निविदादाता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी एवं पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डाले जाने की कार्यवाही की जायेगी।
4. निविदा में सम्मिलित प्रत्येक कार्य का जमानत धनराशि की FDR पृथक-पृथक जमा करना अनिवार्य होगा।
5. निविदा में किसी प्रकार की त्रुटि तथा सशर्त निविदामान्य नहीं होगी एवं अपूर्ण पाये जाने पर आशिंक रूप से या सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
6. उपरोक्त निविदा में सम्मिलित निर्माण कार्यो में निदेशक महोदया, स्थानीय निकाय निदेशालय, लखनऊ के द्वारा निर्गत निर्देश पत्र संख्या टी.सी./314/8/डी.एल.बी./2020 दिनांक 01.01.2021 में निर्माण कार्यो हेतु उल्लिखित दिशा निर्देशो तथा अपर मुख्य सचिव महोदय, नगर विकास विभाग अनुभाग-9 उ0प्र0 शासन के द्वारा नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत में निर्माण/विकाय कार्यो हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) विषयक निर्गत शासनादेश संख्या 1319/नौ-9-21-45ज/21 नगर विकास विभाग, अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 30 जून, 2021 में वर्णित समस्त निर्देशो के साथ ही भिन्न-भिन्न समय में उच्चाधिकारियो के द्वारा निर्गत किये गये तथा भविष्य में निर्गत होने वाले समस्त दिशा निर्देशो का अनुपलन करना होगा।
7. निविदा में सम्मिलित निर्माण कार्यो हेतु जमा की गयी जमानत धनराशि को अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा निर्गत एस.ओ.पी. दिनांक 30 जून, 2021 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार एक वर्ष तक कार्य संतोषजनक विषयक अभियंत्रण विभाग की आख्या के अनुसार अवमुक्त किया जायेगा।
8. शासनादेश संख्या-11593/नौ-5-2021-142सा/2021 नगर विकास अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 07.01.2022 के अनुसार अनुबंध गठन के समय 10 प्रतिशत बिलो (Below) दर तक 03.00 प्रतिशत तथा 10 प्रतिशत से अधिक बिलो (Below) दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति 0.50 प्रतिशत कम पर सिक्योरिटी/परफार्मेस गारण्टी का अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मंझनपुर, कौशाम्बी के पदनाम से बंधक युक्त FDR निविदा स्वीकृत पत्र निर्गत होने के एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर नियमानुसार अनुबन्ध का गठन कराना अनिवार्य होगा।
9. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् नियमानुसार निर्धारित प्रारूप पर स्टाम्प पेपर पर स्वयं के व्यय पर ठेकेदार को अनुबन्ध कराना होगा।
10. प्रत्येक स्वीकृत निर्माण कार्य के अनुबन्ध से पूर्व ठेकेदार को श्रम विभाग में अधिष्ठान पंजीयन एंव निर्माण श्रमिक पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा।
11. स्वीकृत कार्य के पूर्व, कार्य के दौरान एंव कार्य पूर्ण होने के बाद की कलर फोटो कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
12. निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच/सत्यापन हो जाने के उपरान्त ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। यदि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पायी जायेगी तो सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा जमा जमानत धनराशि जब्त करते हुए अन्य कोई विभागीय कार्यवाही की जायेगी।
13. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र मे प्रकाशित नही किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए नगर पालिका परिषद, मंझनपुर के कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।
14. उपरोक्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा तथा समस्त विवाद का न्यायिक क्षेत्र जनपद कौशाम्बी होगा।

**(ओमकार पटेल)**
**अवर अभियन्ता (सिविल)**
**न0पा0परि0 मंझनपुर-कौशाम्बी**

**(प्रबुद्ध सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी/**
**अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)**
**न0पा0परि0 मंझनपुर-कौशाम्बी**

**(बीरेन्द्र कुमार)**
**अध्यक्ष**
**न0पा0परि0 मंझनपुर - कौशाम्बी**


स्वामी स्पष्ट आवाज के लिए, **मुद्रक एवं प्रकाशक** - आनन्द सिंह, द्वारा दी इण्डियन एक्सप्रेस प्राईवेट लि. प्रेस सी- 26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं 47/1, क्ले स्क्वायर होम्स, कबीर मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित। आर.एन.आई. पंजीयन संख्याः U.P. HIN/2004/13625, डाक पंजीयन संख्या - SSP/LW/NP-119/2010-12
*संपादक -डा. विजय सिंह, फोन/फैक्स : 0522-3599932,0522-4306534, मो0: 9415003504 E-mail : spawaz2010@gmail.com, anand.singh2@gmail.com.* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट की धारा- 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनमें उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# यशस्वी शतक से भारत की पकड़ मजबूत



**राजकोट।** गेंदबाजो के कातिलाना प्रदर्शन के बाद यशस्वी जायसवाल (104 रिटायर्ड हर्ट) के शानदार शतक की बदौलत भारत ने यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में दो विकेट पर 196 रन बना कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाये थे जिसके जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 319 रनो पर सिमट गयी थी। 126 रन की लीड के साथ भारत ने दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा (19) और रजत पाटीदार (0) का विकेट खोकर 196 रन बना लिये थे। दिन का खेल खत्म होने के समय शुभमन गिल (65) और नाइटवाच मैन की भूमिका में कुलदीप यादव तीन रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। भारत की अब तक की कुल लीड 322 रनो की हो चुकी है जबकि उसके आठ खिलाड़ी आउट होने बाकी हैं हालांकि रविचंद्रन अश्विन के पारिवारिक कारणों से बीच में मैच छोड़ने के चलते भारत की ओर से दूसरी पारी में अब सिर्फ सात ही बल्लेबाज आउट होने बाकी हैं। आज के खेल का मुख्य आकर्षण यशस्वी जायसवाल का शतक रहा जिन्होने अपनी पारी की शुरुआत बेहद सतर्क तरीके से की और विकेट पर नजर जमाने के बाद अंग्रेज गेंदबाजों की जमकर क्लास ली। अपने टेस्ट करियर के सातवें मैच में ही उन्होने अपना तीसरा शतक 122 गेंदों में नौ चौकों और पांच छक्कों की मदद से पूरा किया। इससे पहले यशस्वी पिछले टेस्ट में दोहरा शतक जड़ चुके हैं। मैदान पर बैठे दर्शकों ने उनकी तूफानी बल्लेबाजी का लुफ्त उठाया। यशस्वी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 104 रन के निजी स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गये। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने मेहमान बल्लेबाजों को बांध कर रखा। बेन डकेट (153) के अलावा कोई भी इंग्लिश बल्लेबाज क्रीज पर अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहा।

ओली पोप (39) और कप्तान बेन स्टोक्स (41) ने कुछ समय क्रीज पर रह कर भारतीय गेंदबाजों का सामना करने की हिम्मत दिखायी। इंग्लैंड की पारी को समेटने में मोहम्मद सिराज (84 रन पर चार विकेट), कुलदीप यादव (77 रन पर दो विकेट), रविंद्र जडेजा (दो विकेट) और जसप्रीत बुमराह एक विकेट की भूमिका रही।

## पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए बाइक से जा रहे दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में मौत

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के धामपुर मार्ग पर पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए बाइक से जा रहे दो सगे भाइयों की मौत हो गई। यह हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से हुआ और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। कुलवंत और उसके भाई बिट्टू की 17 फरवरी को पहली पाली में सिपाही भर्ती की परीक्षा देनी थी। दोनों भाई बाइक से धामपुर से अपने गांव बहन को लेने जा रहे थे। गांव से दूसरे उम्मीदवारों के साथ इन्हें भी एग्जाम देने जाना था। लेकिन परीक्षा देने से पहले ही दोनों की मौत हो गयी और इस हादसे के साथ खाकी पहनने का सपना भी खत्म हो गया।

## न्यायपालिका-कार्यपालिका में टकराव लोकतंत्र में संतुलन के लिए जरूरी : जस्टिस कौल



**नई दिल्ली।** न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत टकराव लोकतंत्र में नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए अच्छा है। यह बात सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने शनिवार को कही। वह सांसदों को संसद रत्न पुरस्कार प्रदान करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान में लोकतंत्र के नियंत्रण और संतुलन का जिक्र है, जो एक प्रशासन, एक विधायिका और अदालत का प्रावधान करता है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि हमारे यहां पहले पहले आओ-पहले पाओ की आवधारणा पर आधारित लोकतंत्र है। इसलिए, जहां भी सरकार के पास पचास फीसदी से कम मत होंगे, वहां अदालत व्यवस्था पर नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। न्यायमूर्ति कौल ने आगे एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश का हवाला दिया और कहा कि (न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच) थोड़ा बहुत तनाव अच्छा है। लेकिन अगर दोनों के बीच बहुत सी चीजें स्पष्ट नहीं हैं, तो समस्या है। कार्यक्रम में तमिलनाडु की राज्यपाल तमिलसाई सुंदरराजन, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के प्रमुख हंसराज अहीर, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी भी मौजूद थे। उन्होंने भी समारोह को संबोधित किया। चेन्नई के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) प्राइम प्वाइं फाउंडेशन की ओर से बारह सांसदों और तीन संसदीय समितियों को आज संसद रत्न से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भाजपा के सांसद सुधीर गुप्ता, शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे, भाजपा के सुकांत मजूमदार, कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अमोल कोल्हे को दिया गया। सत्रहवीं लोकसभा में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, भाजपा के बिद्युत बरन महतो औ भाजपा की हीना गावित को संसद महारत्न से सम्मानित किया गया। वहीं, राकांपा की सुप्रिया सुले, शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बारने, बीजद के भर्तृहरि महताब को सांसद उत्कृष्ट महारत्न से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, भाजपा पीसी गड्डी गौदर की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति, भाजपा के जयंत सिन्हा की अध्यक्षता वाली वित्त समिति और विजयसाई रेड्डी की अध्यक्षता वाली परिवहन और पर्यटन समिति और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष टीजी वेंकटेश को संसद महात्न से पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त आवाज़

### गोमतीनगर-भागलपुर विशेष गाड़ी 22 को

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों के अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05090 गोमतीनगर-भागलपुर विशेष गाड़ी गोमतीनगर से 22 फरवरी को एकल यात्रा हतु नि नवत चलाई जायेगी। 05090 गोमतीनगर-भागलपुर विशेष गाड़ी गोमतीनगर से 22 फरवरी को 10.00 बजे प्रस्थान कर भागलपुर 04.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

### हाथों में मेंहदी और शादी के जोड़े में पुलिस भर्ती परीक्षा देने पहुंची दुल्हन

**फिरोजाबाद।** जिला प्रशासन की कड़ी चौकसी के बीच शनिवार को आयोजित हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में परीक्षा केंद्र पर हाथों में मेहंदी और शादी के जोड़े में पहुंची एक दुल्हन ने सभी को हैरत में डाल दिया। यह दुल्हन भी पुलिस भर्ती की परीक्षा देने पहुंची थी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षा 17 और 18 फरवरी को दो पालियों में हो रही है। परीक्षा को निष्पक्ष और नकल विहीन कराने के लिए पुलिस व जिला प्रशासन मुस्तैद है। कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह परीक्षा शुरू हुई। पुलिस भर्ती परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थियों को कड़ी चेकिंग के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। इस दौरान शहर के एमजी कॉलेज में एक दुल्हन शिल्पी भी पुलिस भर्ती की परीक्षा देने के लिए पहुंची। दुल्हन के लिबास में पहुंची नव विवाहिता को देखकर वहां पर एक बार तो ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी भी कुछ देर के लिए सकते में पड़ गए। उसके बाद जब विवाहिता से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह पुलिस भर्ती परीक्षा देने के लिए आई है। दुल्हन ने बताया कि उसके पति ने भी पुलिस भर्ती का फॉर्म भरा था, उनका सेंटर आगरा में गया है। वो भी परीक्षा देने गए हैं इसलिए वह अपने जेठ के साथ पेपर देने आई है। नव विवाहिता के साथ आए उसके जेठ ने बताया कि शिल्पी की शादी 15 फरवरी को हुई है वह शुक्रवार को ही विदा होकर आई है।

# मोदी की गारंटी पर लोगों को भरोसा : नड्डा

**●पिछला दशक पीएम की उपलब्धियों से भरा रहा, अद्वितीय तरीके से बदल रहा है भारत**



**नई दिल्ली।** दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया है कि बंगाल में भी जल्द ही भाजपा की सरकार होगी। उन्होंने कहा है कि लोगों को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा देश के प्रधान सेवक, जो देश के प्रशासन के कामों में पूर्णतया व्यस्त रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद पार्टी उनकी प्राथमिकता है और वो पार्टी के लिए हमेशा खड़े रहे हैं। पार्टी कैसे आगे बढ़ेगी, हम किस प्रकार से पार्टी को आगे बढ़ा सकते हैं, प्रधानमंत्री जी पल-पल इस बात की चिंता करते हैं। नड्डा ने कहा कि 7 दशक के भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में हमने हर कालखंड देखा है। हमने संघर्ष का काल देखा है, हमने उपेक्षा का काल देखा है, जमानत बचाने के लिए चुनाव लड़ने वाला काल देखा है। हमने आपातकाल देखा है।

चुनाव में हारने और जीतने का काल भी देखा है। लेकिन हमें इस बात की खुशी है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछला दशक जो गुजरा, वो उपलब्धियों से भरा हुआ है। आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। 2014 से पहले हमारी सिर्फ 5 प्रदेशों में सरकारें थी और लंबे समय तक हम 5-6 पर रूके हुए थे। 2014 के बाद, आज 17 प्रदेशों में राजग की सरकारें हैं और 12 प्रदेशों में विशुद्ध भाजपा की सरकार है। हमने राजस्थान-छत्तीसगढ़ जीता है। इस बार बंगाल में भी जीतेंगे।राष्ट्रीय कार्यकारिणी के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि राजनीतिक कारणों से जो महिला आरक्षण बिल तीन दशकों से पास नहीं हो पाया था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वही नारी शक्ति वंदन अधिनियम मात्र तीन दिन में पास हो गया। उन्होंने कहा कि हमने वो भी समय देखा, जब 1989 में पालमपुर में राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था और वहां पास हुआ था कि हम राम मंदिर निर्माण के लिए सभी संभावनाओं की तलाश करेंगे। कुछ लोगों ने हमारा उपहास किया कि मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तिथि नहीं बताएंगे। राम मंदिर का निर्माण हुआ, 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री जी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की... आप आए नहीं ये आपके कर्म थे। नड्डा ने कहा कि जीवनभर ताकत लगाकर एक विशालकाय पार्टी बनाने में लालकृष्ण आडवाणी जी ने अहम योगदान दिया। इसके अलावा एक लंबा राजनीतिक, सार्वजनिक जीवन जिस सुचिता के साथ जिया, वो हम सब के लिए उदाहरण है। भारत के गृहमंत्री और उप प्रधानमंत्री के तौर पर जो उन्होंने देश की सेवा की, वो भी हमें याद है। ऐसे वरिष्ठतम नेता को भारत रत्न से नवाजा गया, उसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। साथ ही, मोदी सरकार के तहत पिछले दस वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है, इन लोगों को उड़ने के लिए नए पंख दिए हैं।

## पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने संदेशखालि का किया दौरा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डब्ल्यूबीसीपीसीआर) की छह सदस्यीय टीम ने राजनीतिक रूप से अशांत क्षेत्र संदेशखालि में बच्चे के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों की पड़ताल के लिए शनिवार को वहां का दौरा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि संदेशखालि में बदमाशों ने सात माह के बच्चे को उसकी मां की गोद से छीनकर फेंक दिया था। बच्चे का फिलहाल उपचार किया जा रहा है।

आयोग की सलाहकार सुदेशना रॉय ने पत्रकारों से कहा कि हम स्थिति का आकलन करने के लिए घटनास्थल पर आए हैं। हमारा कर्तव्य राज्य के हर बच्चे को सुरक्षा देना है और यह भी देखना है कि उनके अधिकार सुरक्षित हैं या नहीं। हम कथित तौर पर उत्पीड़ित बच्चे की मां से बात करेंगे। आयोग की छह सदस्यीय टीम ने संदेशखालि का दौरा किया, जिसका नेतृत्व इसकी अध्यक्ष तूलिका दास ने किया। एक महीने से अधिक समय पहले तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शेख शाहजहां के परिसर की तलाशी के लिए ईडी के इलाके में जाने के बाद संदेशखालि में तनाव पैदा हो गया था। शाहजहां अब भी फरार हैं।

महिलाओं का आरोप है कि टीएमसी नेता और उसके साथियों ने उनका यौन उत्पीड़न किया और जमीन पर कब्जा कर लिया है।

# हार जीत को सहज स्वीकार करने की प्रेरणा देते हैं खेल : अखिलेश





**●विशेष सचिव उच्च शिक्षा ने समापन पर प्रतिभागियों को बाँटे पुरस्कार**

**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** जीवन में खेलकूद का अत्यधिक महत्व है जो बाल्यावस्था से ही व्यक्तित्व एवं सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। खेल हमें आपसी सौहार्द व प्रेम भाव से रहने के साथ हार जीत को सहज स्वीकार करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

उक्त बातें फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महमूदाबाद के चल रहे 47वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह के दूसरे दिन समापन अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में विशेष सचिव उच्च शिक्षा डा. अखिलेश मिश्र ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करते हुए कही। दूसरे दिन आयोजित चार सौ मीटर की बालिका वर्ग दौड़ में रूचि, हीना, काजल, बालक वर्ग में रोहित, जावेद, प्रज्जवल मिश्र, आठ सौ मीटर दौड़ में रुचि, काजल, लक्ष्मी, बालक वर्ग में राहित यादव, अभय, रोहित कुमार, 15 सौ मीटर दौड़ में रुचि, काजल, शशि भारती, रोहित यादव, राहित कुमार, सत्येंद्र वर्मा, लंबी कूद में हिना, बबली, पुष्पा, ऊंची कूद में सुनीता, पुष्पा, राधा, शाटपुट बालिका वर्ग में साक्षी रावत, अनीता देवी, निशा राज, बालक वर्ग में सौरभ, अभय, प्रज्ज्वल, डिस्कस थ्रो बालिका वर्ग में बबली, अनीता, साक्षी, बालक वर्ग में सौरभ, अभय, प्रज्जवल, जैवलिन थ्रो बालिका वर्ग में साक्षी, अनीता देवी, अर्पिता वर्मा, बालक वर्ग में शिव कुमार मुखर्जी, अभय वर्मा, सौरभ सिंह तथा पांच हजार मीटर की दौड़ में अभय वर्मा, शिवम गुप्त, आमिर खान को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। लंबी कूद में शिव कुमार मुखर्जी, मो. अमन, सत्येंद्र कुमार वर्मा, ऊंची कूद में शिव कुमार मुखर्जी, प्रज्ज्वल मिश्र तथा सत्येंद्र, सौरभ, जावेद को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल हुआ। क्रीड़ा प्रभारी डा. अनिरुद्ध कुमार द्वारा सभी प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गईं। संचाचन डॉ. मुंतजिर कायम ने किया। इस मौके पर डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. सर्वेश मिश्र, डॉ. योगेंद्र कुमार, डॉ. लक्ष्मी, डॉ. वीके राठौर, डॉ. अमिय कुमार, डॉ. शिशिर श्रीवास्तव, मो.सईद अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पहले दिन 1876 परीक्षार्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में शनिवार को 54 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा सम्पन्न हुई। पहले दिन दोनों पालियों में कुल 1876 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों की परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के साथ विभिन्न पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों व सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अरुण कुमार दुबे ने बताया कि आज जिले में 54 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक हुई। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक परीक्षा कड़ी निगरानी में सम्पन्न कराई गई। दोनों पालियों में कुल 50352 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 48776 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 1876 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। डीआईओएस ने आगे बताया कि 54 परीक्षा केंद्रों पर पहली पाली में 25176 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 24278 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 898 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# भाजपा में जाने की अटकलों पर बोले कमलनाथ

## ऐसी बात होगी तो मीडिया को खबर करूंगा

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ जाने की अटकलों के बीच शनिवार को कहा कि अगर ऐसी कोई बात होगी तो वह मीडिया को जानकारी देंगे। वह आज दोपहर में दिल्ली पहुंचे। कमलनाथ पिछले कुछ दिनों से मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा के दौरे पर थे, जहां से वह नौ बार सांसद रहे हैं। उनके पुत्र नकुल नाथ वर्ष 2019 के चुनाव में इस सीट से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए। दिल्ली पहुंचने पर कमलनाथ ने बीजेपी में जाने के मीडिया के सवाल पर इनकार नहीं किया। कमलनाथ ने भाजपा में शामिल होने की संभावना से जुड़े सवालों पर कहा कि आप लोग बहुत उत्साहित हो रहे हैं। यह मैं नहीं कह रहा हूं, आप लोग कह रहे हैं। अगर ऐसी कोई बात होगी तो सबसे पहले आप लोगों को जानकारी दूंगा। उन्होंने कहा, मैं उत्साहित नहीं हूं, ना इस तरफ, ना उस तरफ। अगर ऐसी कोई बात होगी तो सबसे पहले आप लोगों को खबर करूंगा। पूर्व मंत्री और मुलताई के पूर्व विधायक सुखदेव पांसे भी दिल्ली में हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि पांसे भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। पांसे को कमलनाथ का नजदीकी बताया जाता है। हालांकि उन्होंने कहा कि वे काम के सिलसिले में दिल्ली आए हैं। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा है कि कमलनाथ और नकुलनाथ के बीजेपी जॉइन करने पर मैं भी बीजेपी जॉइन करूंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में अब मान सम्मान नहीं बचा है। राजनीतिक सूत्रों का दावा है कि छिंदवाड़ा में कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुल नाथ ने शुक्रवार को अपने समर्थकों के साथ बैठक की। उनसे भाजपा में जाने को लेकर रायशुमारी की गई। इसके बाद उनके भाजपा में शामिल होने की संभावनाओं को बल मिल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने जिन नेताओं से बात की है, उनमें गोविंद राय, विश्वनाथ ओकटे, दीपक सक्सेना और सुनील जायसवाल के साथ-साथ अरुणोदय चौबे और रामू टेकाम एवं अन्य नेता शामिल थे। इन नेताओं के साथ बंद कमरे में चर्चा के बाद अटकलों का बाजार गरमा गया है कि कमलनाथ और उनके सांसद बेटे नकुल नाथ भाजपा में शामिल होने वाले हैं। हालांकि, कांग्रेस के छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने कहा कि यह सिर्फ चर्चा है। ऐसा कुछ नहीं होने वाला है। कमलनाथ अपने बेटे नकुलनाथ के साथ दोपहर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। छिंदवाड़ा सांसद नकुल नाथ के सोशल मीडिया ह्ल पर बायो से कांग्रेस हट गया है। इसी तरह कांग्रेस में कमलनाथ के समर्थकों ने भी अपने बायो से कांग्रेस हटा दिया है। कुछ करीबी नेताओं के तो फोन भी बंद हो गए हैं। वहीं, कमलनाथ के समर्थक सैयद जाफर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हम कमलनाथ जी के साथ हैं। कमलनाथ जी जैसे वरिष्ठ, अनुभवी और राष्ट्रसेवा को समर्पित नेता जो फैसला लेंगे, उचित होगा।

# सीतापुर पहुँची दो सदस्यीय जाँच टीम



**●मृत गौवंश मिलने पर प्रधान व सचिव पर की जाये कार्रवाई**

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से आई दो सदस्यीय टीम ने कोनीघाट व तेरवा महादेव घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीडीओ व जिले के अन्य उच्च अधिकारियों को इस आशय के साथ निर्देशित किया कि गोमती व सरायन नदी की काई, जलकुंभी आदि को तत्काल प्रभाव से हटवाया जाये। नहर विभाग से नदियों की सफाई करवाई जाये। जिन ग्राम पंचायत क्षेत्र में मृत गौवंशों के शव आदि मिलते हैं तो संबंधित ग्राम प्रधान व सचिव के विरूद्ध कार्रवाई करनी सुनिश्चित की जाये। इस दौरान पशुचिकित्साधिकारी गोंदलामऊ आलोक शुक्ला, तेरवा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेन्द्र अर्कवंशी, राजेश अर्कवंशी, अमरीश राठौर, मदन पाल सिंह अर्कवंशी, सन्तोष राजवंशी, विनय कुमार, सम्मू शुक्ला आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पंडाल गिरा, 11 लोगों को निकाला गया बाहर

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार को एक पंडाल गिर गया, जिसके नीचे फंस गए कम से कम 11 लोगों को बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना पूर्वाह्न 11 बजे हुई। दिल्ली दमकल सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि स्टेडियम में पंडाल गिरने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि शुरू में दो लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया था। उन्होंने बताया कि बाद में नौ और लोगों को बाहर निकाला गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों में ज्यादातर मजदूर हैं। अधिकारी ने बताया कि स्टेडियम के द्वार संख्या दो के समीप शादी के लिए पंडाल खड़ा किया जा रहा था। घायलों को उपचार के लिए एम्स के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर पुलिस, दमकल सेवा कर्मी और एंबुलेंस मौजूद है।

# गैंग बनाकर करते थे चोरियां, 11 लाख के माल सहित तीन शातिर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना टूण्डला पुलिस टीम ने शनिवार को लाखों रुपये के चोरी के माल सहित तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चार घटनाओं का खुलासा कर इन्हें जेल भेजा है।

सीओ टूंडला अनिमेश कुमार ने बताया कि थाना प्रभारी टूंडला कुलदीप दीक्षित शनिवार को पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे,तभी उन्होंने सूचना पर गौरव पुत्र लाल सिंह निवासी मौहम्मदपुर थाना टूण्डला,कुलदीप सिंह पुत्र राकेश कुमार निवासी नगला गौला कुबेरपुर थाना एत्मादपुर जनपद आगरा,सौरभ कुमार पुत्र हरी सिंह निवासी कोटकी थाना पचोखरा को ग्राम मोहम्मदपुर थाना टूंडला से गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से 13 बन्डला सरिया लोहा, 02 स्टील के दरवाजे के पल्ले,01 चोखट स्टील,02 रेलिंग स्टील व 15 हजार रुपये नगद व घटना में प्रयुक्त 01 लोडर विक्रम टैम्पो, एक मोटरसाइकिल व एक टाटा लोडर बरामद की है।उन्होंने बताया कि चोरों से बरामद माल की अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रुपये है। अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि हम छह व्यक्ति गैंग बनाकर रात्रि में मण्डी आदि से अनाज,निर्माणाधीन घरों से सरिया व लोहे का सामान, बन्द घरों में गेट का कुन्दा काटकर,सड़क या घरों के सामने खड़े जनरेटर के अल्टीनेटर को रिन्चो से खोलकर चोरी कर लेते हैं तथा दुकानों के बाहर सड़क पर रखे हुए स्टील व लोहे के जंगलें आदि सामान की चैन काटकर सामान चोरी कर लेते हैं और गौरव के घर पर लाकर रख देते हैं।

बताया कि मौका मिलते ही लोहे का छुटपुट सामान और अल्टीनेटर का तांबा निकालकर पचोखरा में रुपेन्द्र की कबाड़े की दुकान पर ले जाकर बेच देते हैं। फेश स्टील व लोहे के दरवाजों को ग्राहक ढूंढकर नये बन रहे घरों के लोगों को कम दाम में बेच देते हैं। सीओ ने बताया कि सभी के खिलाफ कार्यवाही कर इन्हें जेल भेजा है।

## संदेशखाली हिंसा मामले में तृणमूल नेता शिबू हाजरा गिरफ्तार

**कोलकाता।** संदेशखाली में हिंसा के आरोपित तृणमूल नेता शिवप्रसाद उर्फ शिबू हाजरा को शनिवार की शाम गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि मुख्य आरोपित और ईडी अधिकारियों पर हमले का मास्टरमाइंड शेख शाहजहां अभी भी फरार है। इसके पहले पुलिस ने एक और आरोपित तृणमूल नेता उत्तम सरदार को गिरफ्तार किया था। स्थानीय महिलाओं ने इन्हीं तीन नेताओं और उनके गुर्गों पर सामूहिक दुष्कर्म, लूटपाट और जमीन कब्जा करने के आरोप लगाए हैं। आज ही पुलिस ने कोर्ट में बताया है कि इन नेताओं के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की धाराएं भी लगाई गई हैं, जो गैर जमानती हैं। इन नेताओं के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला भी दर्ज है। बशीरहाट पुलिस जिला अधीक्षक हुसैन मेहदी रहमान ने बताया कि शिवप्रसाद को नजात पुलिस स्टेशन क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। उसे कल (रविवार) अदालत में पेश किया जाएगा। हालांकि स्थानीय लोग शाहजहां की गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस पर दबाव बना रहे हैं।

# राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बीच में रोक चले गए वायनाड

**भदोही।** राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को स्थगित करते हुए वायनाड चले गए। रविवार यानी 18 फरवरी को अपनी यात्रा का शुभारम्भ प्रयागराज से करेंगे। जबकि प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें भदोही में रात्रि विश्राम करना था और अगली सुबह यहां से यात्रा को प्रारम्भ करना था। कांग्रेस नेता भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बीच में ही छोड़कर अपने संसदीय क्षेत्र तमिलनाडु के वायनाड चले गए।

वाराणसी में अपनी यात्रा के दौरान लोगों से संपर्क कर रहे थे लेकिन वायनाड में किसी आवश्यक कार्य से वह सीधे लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से शाम पांच बजे वायनाड के लिए रवाना हुए। भारत जोड़ो नया यात्रा कार्यक्रम के तहत उन्हें रात्रि भदोही विश्राम करना था। जबकि इसके पहले वह भदोही के राजपुरा, इंदिरा मिल होते हुए अपने निर्धारित विश्राम स्थल मुंशीलालपुर पहुंचते। लेकिन भदोही की यात्रा बीच में ही स्थगित कर उन्हें वायनाड जाना पड़ा। इस दौरान काफी संख्या में लोग उन्हें देखने के लिए मौजूद रहे लेकिन लोगों को मायूस ही लौटना पड़ा। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश तिवारी ने मीडिया को बताया कि राहुल गांधी आवश्यक काम से यात्रा को वाराणसी में ही रोक वायनाड चले गए। वायनाड में उनकी उपस्थिति बहुत आवश्यक थी। इसलिए वह भदोही नहीं पहुंच पाए। 18 फरवरी की यात्रा वह प्रयागराज से तीन बजे शुरू करेंगे। प्रियंका गांधी की गैर मौजूदगी को लेकर पूऐ गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रियंका जी अस्वस्थ हैं इसीलिए यात्रा में शामिल नहीं हो पाई। इस संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भी ट्वीट कर जानकारी दी है कि राहुल गांधी की वायनाड में विशेष जरूरत है इसलिए वह भारत जोड़ो यात्रा को स्थगित कर कर रहे हैं। 18 फरवरी की यात्रा वह प्रयागराज से शुरू करेंगे।

# लोकतंत्र का गला घोंट रही फिरकापरस्त ताकतें

**●नवसृजित जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की हुई बैठक**



**सीतापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** नवसृजित जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को जिला कार्यालय सिविल लाइन्स में हुई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी ने कहा कि पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियां पद नहीं बल्कि देश के लोकतंत्र को बचाने का टोकन है। उन्होंने कहा कि एक तरफ फिरकापरस्त ताकते देश के संविधान को ध्वस्त करने को अमादा है।

वहीं सरकारी संस्थाओं का भी दुरूपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी लगातार जमीन पर उतर कर लोकतंत्र व संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने जिला, नगर व ब्लॉक के नवसृजित अध्यक्षों की सूची जारी की। नवसृजित जिला कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष पद पर आमोद मिश्र, उपाध्यक्ष पद पर अल्पना सिंह, आनंद श्रीवास्तव, राज किशोर सिंह, शिशिर बाजपेयी, बनवारी लाल कनौजिया, पुष्पा भार्गव, अनिल कुमार शुक्ला, संजीव नाथ गुप्ता, विद्याराम वर्मा, सूबी खान, जिला महासचिव के पद पर क्रमशः विनीता राजवंशी, श्रेष्ठ कुमार तिवारी, बलेंद्र सिंह सुरलिया, अयूब अहमद डंपी, कृष्ण कुमार मेहरोत्रा, चोक्ष विभु, जयप्रकाश शुक्ला, एजाजुद्दीन अंसारी, काशीराम भार्गव, डॉ. अवधेश श्रीवास्तव तथा जिला सचिव के पद पर राम सहारे पाल, सुभाष चंद्र निषाद, दीपा वैश्य, नागराज कश्यप, अक्षय श्रीवास्तव, विक्की हुसैन, श्रवण कुमार राजवंशी, डॉ. मसरूर अली, सत्यदेव पांडेय, उदय चंद्र, तारिक फारूकी, प्रेम यादव, मुइद अहमद, प्रदीप पांडेय, राहुल शुक्ला, सरदार प्रगट सिंह, प्रवेश वर्मा, संतराम बंसल, अजय कुमार शुक्ला, रामपाल श्रीवास्तव, पुनीत शुक्ला, अवधेश मिश्रा, उदय मोतीवाल, इकबाल अहमद अंसारी, अनिल कुमार दीवान, रमेश चंद्र मौर्य, दानिश नकवी, कमाल अहमद नियुक्त किए गए हैं।

## लोस और विस चुनाव एक साथ कराएं लेकिन स्थानीय निकाय चुनाव के साथ नहीं : जेडीयू

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का समर्थन किया है, लेकिन स्थानीय निकाय चुनावों के साथ नहीं। पार्टी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर गठित एक उच्च स्तरीय समिति से कहा है कि वह लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का समर्थन करती है। इसने कहा कि सभी स्थानीय निकाय - नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ होने चाहिए। पार्टी ने हालांकि कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के साथ नहीं होने चाहिए।

# पाक चुनाव में धांधली हुई, पोलिंग अधिकारी का खुलासा

**●कहा- इमरान समर्थक निर्दलीयों को हरवाया, चुनाव आयोग अध्यक्ष और चीफ जस्टिस भी थे शामिल**



**इस्लामाबाद/लाहौर।** पाकिस्तान के रावलपिंडी के पोलिंग अधिकारी लियाकत अली चट्ठा ने शनिवार को स्वीकार किया कि उन्होंने चुनाव में धांधली की थी। जियो न्यूज के मुताबिक, लियाकत ने कहा कि निर्दलीय उम्मीदवार 70-80 हजार वोटों के साथ लीड पर थे। वे जीत रहे थे, लेकिन हमने नकली बैलेट पेपर के जरिए उन्हें हरा दिया। मैं अपने जुर्म की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। अधिकारी ने कहा कि धांधली में चुनाव आयोग के अध्यक्ष और पाकिस्तान के चीफ जस्टिस भी मिले हुए हैं। हमने चुनाव में हार रहे उम्मीदवारों को 50 हजार वोटों के अंतर से जिताया है। यह सब पीटीआई समर्थन वाले निर्दलीयों को हराने के लिए किया गया। पद से इस्तीफा देते हुए लियाकत ने कहा मैं मुल्क को तोड़ने के इस जुर्म का भागीदार नहीं बनना चाहता।आरोपों के बीच पाकिस्तान के चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा ने कहा है कि पोलिंग अधिकारी इस बात का सबूत दें कि चुनावी धांधली में वो शामिल थे। नवाज की पार्टी पीएमएल-एन की प्रवक्ता मरियम औरंगजेब ने भी पोलिंग अधिकारी के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। पाकिस्तान के 12 शहरों में इमरान की पार्टी पीटीआई प्रदर्शन कर रही है। पुलिस ने पीटीआई के कई नेताओं को हिरासत में लिया।

इमरान समर्थकों का कहना है कि अगर हम पर हिंसा का इस्तेमाल हुआ तो हम भी जवाब देंगे। केयरटेकर सरकार और फौज ने प्रदर्शन के दौरान हिंसा की आशंका के चलते शुक्रवार रात एक मीटिंग की। इसमें फौज के आला अफसर भी शामिल हुए। इस्लामाबाद में धारा 144 लागू है।